दैनिक

# जयपुर टाइम्स

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 10 अंक : 310 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शुक्रवार 05 दिसम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

## प्रदेश भाजपा कार्य समिति की बैठक 7 दिसंबर को, भजनलाल शर्मा और राठौर करेंगे संबोधित

### सरकार के 2 साल के कार्यकाल, मतदाता सूची शुद्धिकरण कार्य और प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह जैसे विषयों पर होगी चर्चा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)** ।प्रदेश भाजपा कार्य समिति की बैठक आगामी 7 दिसंबर को आयोजित होगी इस बैठक को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ और प्रदेश भाजपा के प्रभारी राधा गोविंद अग्रवाल संबोधित करेंगे बैठक में सरकार के 2 साल के कार्यकाल के उपलक्ष में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य और प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह जैसे विषयों पर चर्चा होगी द्य जानकारी के अनुसार प्रदेश की भजनलाल सरकार के 2 साल पूरे होने के उपलक्ष में सरकार की ओर से प्रदेश के प्रत्येक जिले और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित करके सरकार की योजनाओं और सरकार के निर्णय के बारे में जनता तक जानकारी पहुंचाने के कार्यक्रम तैयार किए गए हैं 7 दिसंबर को आयोजित होने वाली इस बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सत्ता और संगठन से जुड़े लोगों से अपील करेंगे कि वह सरकार के कार्यों के बारे में घर-घर जाकर लोगों को जानकारी प्रदान करें इसके लिए प्रदेश भाजपा के संगठन से जुड़े छोटे-बड़े सभी कार्यकर्ताओं को पूरी मेहनत और समर्पण भाव से कार्य करने के लिए मुख्यमंत्री शर्मा अपनी ओर से अपील करेंगे इस बैठक में पार्टी के जिला अध्यक्षों को भी बुलाया जाएगा बैठक में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में भी कड़ी निगरानी रखने के बारे में मुख्यमंत्री शर्मा और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ दोनों की ओर से पार्टी जनों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाएंगे इसके अलावा 10 दिसंबर को जयपुर में प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह का भी आयोजन हो रहा है इस समारोह में भी देश और दुनिया से आने वाले मेहमानों को किसी भी तरह की कोई तकलीफ नहीं हो इसके लिए पार्टी के संगठन से जुड़े बड़े नेताओं को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा सकते हैं जानकार लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा खुद प्रदेश भाजपा के 20 साल तक प्रदेश महामंत्री रहे हैं इसलिए वे यह अच्छी तरह से जानते हैं कि सरकार के 2 साल के कामकाज की जानकारी जन-जन तक पहुंचने में सरकार से ज्यादा पार्टी के संगठन से जुड़े लोग अपनी अच्छी भूमिका निभा सकते हैं क्योंकि पार्टी के कार्यकर्ता और संगठन से जुड़े लोग ही जनता के बीच में रहते हैं इसलिए पार्टी के संगठन से जुड़े लोगों के माध्यम से ही सरकार के कार्यों और निर्णय के बारे में लोगों को ठीक तरह से बताया जा सकता है और प्रदेश के कोने-कोने में दूर दराज के इलाकों में बैठे लोगों को भी सरकार की योजनाओं के बारे में पार्टी के संगठन से जुड़े लोग ही अच्छी जानकारी दे सकते हैं हालांकि सरकार ने भी अपने स्तर पर सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के लिए विशेष रथ तैयार किए हैं जिन्हें पूरे 200 विधानसभा क्षेत्र में घुमाया जाएगा इन रथ के माध्यम से प्रदेश के लोगों को सरकार की ओर से पिछले 2 साल में विभिन्न क्षेत्रों में किए गए ऐतिहासिक कार्यों और निर्णय के बारे में जानकारी दी जाएगी लेकिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का यह मानना है कि पार्टी के संगठन से जुड़े लोग ही इस काम को बेहतर तरीके से अंजाम दे सकते हैं इसीलिए 7 दिसंबर कोप्रदेश भाजपा के कार्य समिति की बैठक को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा खुद संबोधित करेंगे और अपनी ओर से आवश्यक दिशा निर्देश पार्टी जनों को देंगे जानकारी के अनुसार पार्टी के संगठन से जुड़े लोगों का विश्वास और भरोसा हासिल करने के लिए और पार्टी के संगठन से जुड़े छोटे-बड़े सभी लोगों के दिलों में यह भाव पैदा हो कि पाठ प्रदेश सरकार उनका पूरा मान सम्मान करती है इसीलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में पार्टी जनों की समस्याओं का निस्तारण करने के लिए जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन भी शुरू करवाया

## नितिन गडकरी ने भजनलाल शर्मा को लिखा पत्र, सड़क हादसों को लेकर सरकार गंभीर

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)**। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखा है पत्र में उन्होंने आगामी 1 जनवरी से 31 जनवरी तक नेशनल रोड सेफ्टी मंथ आयोजन करने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि पूरे प्रदेश में एक से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा अभियान का आयोजन करके इस अभियान के तहत कई तरह के प्रभावी कार्यक्रमों का आयोजन करके आम जन और वाहन चालकों को यातायात और परिवहन नियमों की ज्यादा से ज्यादा जानकारी देकर उन्हें सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की सीख दें । उन्होंने पत्र में कहा है कि पूरे पूरे देश में साल भर में सड़क हादसों में 172000 लोगों की जान चली गई पूरे देश में हर घंटे में 50 सड़क हादसों में 20 लोगों की मौत हो रही है। जिसमें 18 से 45 आयु के लोगों की ज्यादा मौत हो रही है इसलिए लोगों में जन जागृति पैदा करना बहुत जरूरी हो गया है। सरकार इसके लिए प्रभावी तरीके से जनवरी महीने में कार्यक्रम आयोजित करें और लोगों को ज्यादा से ज्यादा सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी जाए इसके लिए विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों प्रशासन पुलिस ट्रैफिक पुलिस सामाजिक संगठनों व्यापारिक संगठनों निजी स्कूल प्रशासन इत्यादि सभी के साथ मिलकर पूरे प्रदेश में व्यापक तौर पर और प्रभावित तौर पर महीने भर तक सड़क सुरक्षा अभियान का संचालन किया जाए ताकि सड़क हादसों पर रोक लगा सके गडकरी ने पत्र में कहा है कि पूरे जनवरी माह तक अलग-अलग कार्यक्रमों के माध्यम से सड़क यातायात परिवहन यातायात इत्यादि सभी के बारे में नियमों की जानकारी दी जाए । शराब पीकर वाहन चलाने क्या नुकसान है इसके बारे में गंभीरता से लोगों को बताया जाए। स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित करके बच्चों को सड़क सुरक्षा के बारे में पूरी जानकारी उपलब्ध करवाई जाए। हेलमेट क्यों जरूरी है इसके बारे में जानकारी दी जाए तथा लोगों को अच्छे माहौल में अच्छे वातावरण में अच्छे तरीके से बातचीत करके पूरे महीने तक सड़क सुरक्षा अभियान को गति दी जाए तो अच्छे नतीजे मिल सकते हैं । उन्होंने कहा कि सीख से सुरक्षा और टेक्नोलॉजी से मार्गदर्शन थीम के आधार पर इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन किया जाए हालांकि प्रदेश की भजनलाल सरकार ने प्रदेश में सड़क सुरक्षा के लिए पिछले कुछ महीनो में व्यापक और प्रभावी कदम उठाए हैं पिछले कुछ महीनो में प्रदेश में कई जगहों पर बड़ी सड़क दुर्घटनाएं हुई उसके बाद भजनलाल सरकार ने पूरे प्रदेश में छोटे-बड़े सभी राजमार्गों पर सुरक्षा के अतिरिक्त प्रबंध किए हैं परिवहन विभाग दी पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आया हुआ है फिर भी गडकरी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पूरे जनवरी महीने में सड़क सुरक्षा अभियान को संपादित करने को कहा है ।

## रूस के राष्ट्रपति पुतिन दिल्ली पहुंचे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गर्म जोशी से किया स्वागत

### आज हैदराबाद हाउस में मोदी और पुतिन की मुलाकात पर दुनिया भर की निगाह दोनों देशों के बीच रिश्ते और होंगे मजबूत कई क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच होंगे समझौते



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गुरुवार श्याम दिल्ली पहुंचे जहां पालम एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका जोरदार तरीके से स्वागत किया आज दिल्ली के हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पुतिन के बीच मुलाकात होगी दोनों नेताओं के बीच होने वाली इस मुलाकात पर दुनिया भर के लोगों की निगाह टिकी हुई है इस मुलाकात में दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर बड़े-बड़े समझौते होने की बात कही जा रही है पुतिन के साथ व्यापारियों और उद्योगपतियों का एक बड़ा समूह भी साथ आया है इसलिए ऑटोमोबाइल कृषि उत्पादन समुद्री उत्पाद स्वास्थ्य विज्ञान उर्वरक शिपिंग इत्यादि क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण समझौते होने की बात कही जा रही है जानकारी के अनुसार आज हैदराबाद में मोदी और पुतिन के बीच जो बातचीत होगी उसमें रूस के साथ व्यापार घाटे को दूर करने के संदर्भ में भी दोनों देशों के बीच प्रभावित तरीके से बातचीत हो सकती है रूस शुरू से ही भारत का गहरा मित्र रहा है और रूस से भारत के हमेशा अच्छे राजनीतिक आर्थिक सामाजिक हर तरह के अच्छे रिश्ते रहे हैं व्लादिमीर पुतिन खुद नरेंद्र मोदी को अपना एक अच्छा दोस्त बताते हैं अपने दोस्त की अगवानी करने के लिए नरेंद्र मोदी बहुत पहले ही पालम हवाई अड्डे पर पहुंच गए थे जानकारी के अनुसार सैन्य एवं सैन्य तकनीक सहयोग पर भारत रूस अंतर सरकारी आयोग की मंत्री स्तरीय बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हम पिछले महीने मास्को में व्यापार और आर्थिक सहयोग पर भारत रूस कार्य समूह की 26वीं बैठक के सफल आयोजन और रूस के नेतृत्व वाले यूरेशियन आर्थिक संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते के लिए वार्ता शुरू होने का स्वागत करते हैं हम भारत रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए रूसी संघ के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा का भी बेसब्री से इंतजार कर रहे थे जो आज पूरी हो गई राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारे दोनों देशों के बीच विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त साझेदारी को पुतिन का यह दौरा और मजबूत करेगा

## राहुल गांधी का आरोप—सरकार विदेशी मेहमानों से विपक्ष की मुलाकात नहीं होने देती

नई दिल्ली।



**(एजेंसी)**कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार विदेश से आने वाले शीर्ष नेताओं को विपक्ष से मिलने नहीं देती। राहुल ने कहा कि यह सरकार की 'असुरक्षा और इनसिक्योरिटी' का संकेत है। उनका बयान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के भारत दौरे से ठीक कुछ घंटे पहले सामने आया है। राहुल गांधी ने दावा किया कि भारत में परंपरा रही है कि विदेश से आने वाले दिग्गिनटरीज नेता प्रतिपक्ष से मिलते हैं। उन्होंने कहा– 'वाजपेयी जी के समय भी ऐसा होता था, मनमोहन सिंह जी के समय भी होता था। लेकिन अब विदेशी नेताओं को सरकार की ओर से संदेश दिया जाता है कि LoP से न मिलें। जब मैं विदेश जाता हूं, तब भी यही कोशिश की जाती है। ' राहुल ने कहा कि विपक्ष भी भारत का प्रतिनिधित्व करता है, इसलिए उसका दृष्टिकोण समझना आवश्यक है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार नहीं चाहती कि विदेशी नेता विपक्ष के विचारों से परिचित हों। जब उनसे पूछा गया कि सरकार ऐसा क्यों कर रही है, तो राहुल ने जवाब दिया– 'यह उनकी असुरक्षा है। ' इस बीच, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन 5-6 दिसंबर को भारत के दौरे पर आ रहे हैं। वे करीब 30 घंटे भारत में रहेंगे। यह दौरा भारत-रूस के रणनीतिक संबंधों के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर हो रहा है, जिसमें कई महत्वपूर्ण बैठकें और समझौते होने

## राजस्थान में लागू होगा 'जन विश्वास अध्यादेश 2025', छोटे अपराधों पर अब जेल नहीं–सिर्फ पेनल्टी लगेगी

### राजस्थान में लागू होगा 'जन विश्वास अध्यादेश 2025', छोटे अपराधों पर अब जेल नहीं- सिर्फ पेनल्टी लगेगी

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)**। प्रदेश में आमजन, व्यापारियों और उद्योगों को बेवजह की कानूनी कार्रवाइयों और छोटी गलती पर कठोर सजा से राहत देने के उद्देश्य से राजस्थान सरकार ने राजस्थान जन विश्वास अध्यादेश 2025 के प्रारूप को मंजूरी दे दी है। कैबिनेट की स्वीकृति के बाद इसे आगामी विधानसभा सत्र में विधेयक के रूप में पेश किया जाएगा। बिल पारित होने पर प्रदेश के कई कानूनों में बड़े बदलाव लागू होंगे। अध्यादेश का मुख्य उद्देश्य छोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर कर केवल पेनल्टी आधारित बनाना है। अभी तक छोटे उल्लंघनों पर भी लोगों को कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटने पड़ते थे, पर अब जुर्माना संबंधित विभाग के कार्यपालक अधिकारी द्वारा ही वसूला जाएगा। इससे समय और संसाधनों की बचत होगी। नगरीय विकास विभाग के दोनों अधिनियमों में 40 धाराओं में संशोधन करते हुए कई जुर्मानों को पेनल्टी में बदला जाएगा। गलत जानकारी देने, टैक्स छुपाने, अवैध नल कनेक्शन और बिना अनुमति पेड़ काटने जैसे मामलों में पेनल्टी बढ़ाई गई है। मोटर वाहन कानून में भी राहत मिलेगी–पहली बार बिना परमिट वाहन चलाने जैसे अपराध पर जुर्माना नहीं लगाया जाएगा, हालांकि सजा का प्रावधान यथावत रहेगा। मिलावटखोरी के मामलों में जेल की सजा आधी कर दी गई है, लेकिन जुर्माना तीन गुना बढ़ाकर 3 लाख रुपए किया जाएगा। रेलवे परिसर में बिना परमिट सामान बेचने तथा गलत जानकारी देने पर अब जेल नहीं होगी, केवल पेनल्टी लगेगी। वन कानूनों में भी ग्रामीणों को राहत दी गई है–वन भूमि में अनजाने में मवेशी चराने पर अब जेल नहीं, बल्कि जुर्माना लगाया जाएगा। उद्योग जगत के लिए भी कई बड़े बदलाव किए गए हैं। फैक्ट्रियों से वायु प्रदूषण फैलने पर अब जेल का प्रावधान हटाकर 15 लाख रुपए पेनल्टी तय की गई है। बिजली उत्पादन से जुड़े रिकॉर्ड न रखने पर भी सीधे पेनल्टी लगेगी, अदालत जाने की जरूरत नहीं होगी। यह बिल केंद्र के 'जन विश्वास अधिनियम 2023' की तर्ज पर तैयार किया गया है और इससे राजस्थान में प्रशासनिक सरलता तथा नागरिकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का राजस्थान मूल के सभी आईएएस अफसरों से किया संवाद

### आईएएस अधिकारियों से प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह के लिए सुझाव और सहयोग की मांग

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह को ऐतिहासिक को यादगार बनाने के लिए अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे हैं मुख्यमंत्री शर्मा एक तरफ इस आयोजन के माध्यम से प्रदेश में इन्वेस्ट करने के लिए एक तरफ जहां देश और विदेश में बैठे राजस्थानियों को प्रेरित करने के हर संभव प्रयास कर रहे हैं तो दूसरी तरफ राजस्थान मूल का हर वह सफल व्यक्ति और अधिकारी जो विभिन्न क्षेत्रों में देश और दुनिया में अपना नाम कमा रहे हैं उन्हें उनके वतन की याद दिला कर उन्हें राजस्थान की माटी से जोड़ने का पुरजोर प्रयास कर रहे हैं इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को राजस्थान मूल के रहने वाले उन सभी भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बातचीत की जो भारत के विभिन्न राज्यों और केंद्र प्रशासित राज्यों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री शर्मा ने इन अधिकारियों से एक-एक करके काफी देर तक बातचीत की और उन्हें प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह में आने का निमंत्रण देने के साथ-साथ उन्होंने अधिकारियों से इस समारोह को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए उनसे सहयोग सहयोग और सुझाव दोनों मांगे अधिकारियों ने भी मुख्यमंत्री से खुलकर बातचीत की और अपनी ओर से सुझाव भी दिए जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा यह जानते हैं कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी काफी अनुभवी होते हैं और अपनी सर्विस के दौरान कई देशों की यात्राएं भी करते हैं इस दौरान उनके बड़े-बड़े उद्योगपतियों और विभिन्न क्षेत्रों में नाम कमा रहे लोगों से मुलाकात भी होती रहती है इसलिए राजस्थान मूल के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों से उन्होंने बातचीत करके उनसे प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह की सफलता के लिए सुझाव भी मांग लिए। राजस्थान मूल के इन अधिकारियों ने प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह में शामिल होने के लिए भी अपनी सहमति प्रदान की है इसके अलावा इन अधिकारियों ने यह भी बताया है कि किस तरह से देश और दुनिया में रहने वाले राजस्थान मूल के रहने वाले उद्योगपतियों को निवेश के लिए राज्य किया जा वाले उद्योगपतियों को निवेश के लिए राजी और प्रेरित किया जा सकता है। इसके लिए अधिकारियों ने यह भी कहा कि वर्तमान में राजस्थान में हर क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव हुआ है इसलिए इन्वेस्ट के लिहाज से राजस्थान अच्छा प्रदेश है अधिकारियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कार्यों और उनके प्रयासों की काफी प्रशंसा भी की है पिछले 2 साल में राजस्थान में जो कार्य हुए हैं उनको लेकर भी अधिकारियों ने मुख्यमंत्री शर्मा को बधाई दी ।

## मोदी सरकार का बड़ा कदम: 10 लाख से अधिक सोलर इंस्टॉलेशन की तैयारी

### आम परिवारों को मुफ्त बिजली देने की दिशा में मोदी सरकार का महत्वपूर्ण कदम है यूएलए मॉडल: मदन राठौड़

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(कासं.)**। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत यूटिलिटी लेड एग्रीगेशन मॉडल के क्रियान्वयन को लेकर नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय से महत्वपूर्ण सवाल लगाए। राठौड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत यूएलए मॉडल से देश के गरीब और आम परिवारों को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। राठौड़ के सवाल के जवाब में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री श्रीपाद नाईक ने कहा कि यूएलए मॉडल का मुख्य लक्ष्य डिस्कॉम और राज्य-स्तरीय एजेंसियों के माध्यम से कम आय वाले परिवारों को सौर ऊर्जा उपलब्ध कराना है ताकि वे अपने घर की छतों पर रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाकर मुफ्त बिजली का लाभ ले सकें। मदन राठौड़ ने बताया कि भारत सरकार गरीब परिवारों तक मुफ्त सौर ऊर्जा पहुंचाने के लक्ष्य के साथ तेजी से आगे बढ़ रही है। इस दिशा में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत लागू किए जा रहे यूटिलिटी लेड एग्रीगेशन मॉडल को सदन में विशेष रूप से उठाया गया। कार्य को आसान और मजबूत बनाने के लिए मंत्रालय ने परिचालन दिशा-निर्देशों में संशोधन किया है। इसके साथ ही भुगतान प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने हेतु पेमेंट रिलीज़ मैकेनिज्म अधिसूचित किया गया है जिसके अनुसार सत्यापन के तुरंत बाद केंद्रीय वित्तीय सहायता सीधे वेंडर के बैंक खाते में भेजी जाती है। सीएफए एक ही किस्त में तब जारी होती है, जब रूफटॉप सौर संयंत्र का सफलतापूर्वक स्थापन परीक्षण और संचालन पूरा हो जाता है। यह व्यवस्था भ्रष्टाचार और देरी पर प्रभावी रोक लगाती है और जनता को शीघ्र लाभ सुनिश्चित करती है जो मोदी सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने बताया कि यूएलए मॉडल को अभी तक 9 राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों में सैद्धांतिक मंजूरी दी जा चुकी है। इसमें आंध्र प्रदेश ओडिशा असम केरल जम्मू-कश्मी, अंडमान एवं निकोबार, लद्दाख, दादरा-नगर हवेली-दमन-दीव और तेलंगाना शामिल हैं। इन राज्यों में कुल 10,37,543 रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन को स्वीकृति प्रदान की गई है, जो भविष्य में लाखों परिवारों को सशक्त बनाने वाला कदम है। यह संकेत है कि आने वाले महीनों में इसका विस्तार और गति और बढ़ने वाली है। राठौड़ ने कहा की निस्संदेह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऊर्जा आत्मनिर्भरता और गरीब परिवारों के आर्थिक सशक्तिकरण के लक्ष्य के साथ यह योजना एक ऐतिहासिक क्रांति का मार्ग प्रशस्त कर रही है।

# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
5 दिसम्बर, 2025


## सांसद, विधायक कोष के कार्यों एवं स्वच्छता कार्यों को गति हमारी प्राथमिकता - प्रधान



जयपुर टाइम्स

**बहरोड़(निसं.)।** पंचायत समिति बहरोड सभागार में प्रधान सरोज बस्तीराम यादव की अध्यक्षता में विकास कार्यों तथा स्वच्छता एवं सफाई तथा एमपी, एमएलए ल्ब्ठ के कार्यों की समीक्षा की गई। राज्य सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांवो में सफाई के कार्यों को प्राथमिकता दिए जाने तथा सांसद एवं विधायक कोष से स्वीकृत विकास कार्यों को शीघ्र पूरा करवाने हेतु निर्देशित किया गया। और अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांवो में नालियों को सफाई एवं कचरा उठाने वाली फर्मों के प्रोपराइटर्स ने कहा कि भुगतान समय पर करवाएं जावे, इस पर विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर इन तकनीकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस बैठक में विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश बावता अतिरिक्त विकास अधिकारी मुरारी लाल मीणा, सहायक विकास अधिकारी देवेंद्र यादव, बलवंत सिंह यादव, केवल कृष्ण मांड्या, सुभाष भवलिया सहायक अभियंता ओमप्रकाश सैनी, कनिष्ठ अभियंता जितेंद्र सिंघल, पूजा सैनी, सीमा गुप्ता,ह पुष्परतन यादव, ग्राम विकास अधिकारी कंवर सिंह यादव, संदीप कुमार, गोविंद सेन, ललिता यादव, योगेश यादव, विकास चौधरी, संजय गुप्ता, सतीश यादव, धीरज जाट, सुनीता यादव, पूनम सोनम, एसबीएम प्रभारी रीना सोना, कमल यादव, कविता चौधरी, इत्यादि दर्जनों ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित थे।

## जिला भिवाड़ी में कांस्टेबल (सामान्य/चालक) भर्ती हेतु 12 दिसंबर को जयपुर में पीईटी /पीएसटी परीक्षा होगी आयोजित

जयपुर टाइम्स

**भिवाड़ी/खैरथल-तिजारा।** अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड, राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार पुलिस मुख्यालय, जयपुर की विज्ञप्तियों के संदर्भ में जिला भिवाड़ी के लिए कांस्टेबल (सामान्य/चालक) पदों की शारीरिक मापतौल एवं दक्षता परीक्षा (PET/PST) का आयोजन 12 दिसंबर 2025 को किया जाएगा। यह परीक्षा राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में प्रातः 5:00 बजे से प्रारम्भ होगी। पुलिस अधीक्षक प्रशांत किरण ने बताया कि जिले के पात्र अभ्यर्थी निर्धारित तिथि एवं समय पर परीक्षा स्थल पर उपस्थित हों। अभ्यर्थियों को अपने साथ विज्ञप्ति क्रमांक 1360 (दिनांक 09.04.2025) के बिंदु संख्या 16 में उल्लेखित सभी प्रमाण-पत्र, वेबसाइट से डाउनलोड किया हुआ कॉल लेटर, स्वप्रमाणित छायाप्रतियां, पासपोर्ट आकार के आठ फोटो, अधिकृत चिकित्सक द्वारा जारी आरोग्य एवं फिटनेस प्रमाण-पत्र तथा प्रवेश पत्र में दिए गए निर्देशों का पूर्ण अनुपालन करते हुए उपस्थित होना अनिवार्य है।

पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी दिशा-निर्देश

EWS प्रमाण पत्र– आवेदन तिथि से पूर्व के वित्तीय वर्ष (2024-25) की आय के आधार पर ऑनलाइन जारी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

इनकम एंड एसेट सर्टिफिकेट– सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के परिपत्र दिनांक 06.05.2022 के अनुसार शपथ पत्र के आधार पर पूर्व में जारी Income & Asset Certificate अधिकतम तीन वर्ष के लिए वैध माना जाएगा।

आरक्षित वर्ग प्रमाण-पत्र– विभागीय दिशा-निर्देश 09.09.2015 के अनुसार एससी/एसटी अभ्यर्थियों के प्रमाण-पत्र जीवनपर्यंत वैध होंगे, जबकि ओबीसी अभ्यर्थियों के लिए 'नॉन क्रीमी लेयर' संबंधी शपथ पत्र तीन वर्ष के लिए मान्य रहेगा।

जिला पुलिस अधीक्षक प्रशांत किरण ने सभी अभ्यर्थियों से निर्धारित निर्देशों का पूर्ण अनुपालन करते हुए समय पर परीक्षा में उपस्थित होने की अपील की है।

## आरोपः प्रदेश में जब से भाजपा सरकार आई है, तब से दलित व गरीबो पर अत्याचार बढ़ गया है- नेता प्रतिपक्ष जूली



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आरोप लगाया कि प्रदेश की भाजपा सरकार दलितों के प्रति जवाबदेह नहीं है। प्रदेश में दलित समाज एवं गरीब लोगों पर अत्याचार हो रहे हैं, उनकी सुनवाई नहीं हो रही, प्रशासन सोया हुआ है। उन्होंने कहा कि अलवर जिले के माचडी गांव में दलित लोगों के सार्वजनिक कुएं पर कुछ प्रभावशाली लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया और प्रशासन के लोगों द्वारा इसे रोकने के बजाय अवैध कब्जा कराने में सहयोग किया, पुलिस को सूचना देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। नेता प्रतिपक्ष जूली बुधवार को अलवर स्थित अपने कार्यालय पर माचड़ी गांव के लोगों की समस्या सुनने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। जूली ने कहा कि माचड़ी गांव में दलित समाज के सार्वजनिक कुएं पर कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा प्रशासन व पुलिस की मिलीभगत से अवैध कब्जा करने की शिकायत जिला कलक्टर से की गई है। जिला कलक्टर ने इस मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में प्रशासन के जिन लोगों ने मिलीभगत कर अवैध कब्जा कराया है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई हो तथा उन्हें निलंबित किया जाए। साथ ही कुएं पर किया अवैध कब्जा हटवाकर दलित समाज के लोगों को उपयोग का अधिकार दिलाया जाए। जूली ने आरोप लगाया कि प्रदेश में जब से भाजपा सरकार आई है, तब से दलित व गरीब लोगों पर अत्याचार बढ़ गया है। गरीब लोगों का रोजाना अपमान होता है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को परबतसर में बाबा साहेब अंबेडकर की सरेआम मूर्ति तोड़ दी गई, लेकिन कोई पूछने वाला नहीं है। प्रदेश में दलित अत्याचार में कमी नहीं आ रही है, सरकार केवल कानून व्यवस्था में सुधार का दिखावा कर रही है। हालात यह है कि अलवर जिले के माचड़ी गांव में प्रभावशाली लोगों द्वारा सार्वजनिक कुएं पर अवैध कब्जे की शिकायत करने करीब 100 लोग पुलिस थाने गए, लेकिन कोई पूछने तक नहीं आया। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने इस मामले में कार्रवाई नहीं की तो आगामी दिनों में जरुरत पड़ने पर बड़ा आंदोलन भी किया जाएगा।

सरकार पर साधा निशानाः जूली ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा- सीटीएच (CTH) का दायरा बढ़ाया जा रहा है, उसमें भी लोगों से आपत्तियां नहीं मांगी गई और सीधे ही पारित करना चाह रहे हैं। जिसकी वजह से आने वाले समय में आम लोगों को बड़ी परेशानी आएगी। यहां रजिस्ट्रियों पर रोक लग जाएगी, ना जमीन खरीद सकेंगे, ना बेच सकेंगे, ना मकान बना सकेंगे और कोई अन्य व्यवसायिक गतिविधियां भी नहीं हो सकेंगी। कोटपूतली बहरोड़ पर्यावरण समिति की बैठक कलेक्टर ले रहे हैं, उन्होंने ये एजेंडा ही नहीं रखा कि किसी को सीटीएच पर कोई आपत्ति है क्या। तो ये सब चुपके-चुपके ये काम करना चाह रहे हैं, जिसका आम जनता में भारी विरोध है।

## अश्वत्थ लर्निंग कम्युनिटीज द्वारा सरकारी देवखेडा एवं खुदनपुरी स्कूलों में बच्चो को जनसहयोग से स्वेटर वितरण कार्यक्रम सम्पन्न





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** आर.डी.एन.सी.मित्तल फाउंडेशन द्वारा संचालित अश्वत्थ लर्निंग कम्युनिटीज की संचालक आरुषी मित्तल की पहल पर महात्मा गाँधी राजकीय विधालय देवखेडा (अंग्रेजी माध्यम ) एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विधालय खुदनपुरी दोनों में मिलाकर करीब 360 स्वेटर का वितरण किये गए।अश्वत्थ लर्निंग कम्युनिटीज की संचालिका आरुषी मित्तल ने बताया कि सरकारी स्कूलों में बच्चो को ठण्ड से बचाव एवं प्राइवेट स्कूलों का अहसास दिलवाने हेतु ये कदम उठाया गया है सभी बच्चे सरकार द्वारा मेहरून कलर के स्वेटर पहनकर जब विधालय में आयेंगे तो उनके मन में एक अलग ही उमंग ओर उत्साह का संचार देखने को मिलेगा। आर.डी.एन.सी. मित्तल फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी डॉ.एस.सी.मित्तल ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्कूलों के बच्चो को स्वेटर वितरण का कार्यक्रम तय किया गया जिसमे जनसहयोग द्वारा दोनों स्कूलों के तकरीबन 360 बच्चो को जर्सी वितरित की गई। प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अमृता ने बताया कि स्वेटर वितरण कार्यक्रम में खास तौर पर मुख्य सहयोग एवं मुख्य भूमिका आरुषी मित्तल के प्रेरणा से प्रभावित होकर आर.डी.एन.सी.मित्तल फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी डॉ.एस.सी.मित्तल, आजीवन ट्रस्टी अलका मित्तल, डॉ.गोपाल रॉय चौधरी चैरिटेबल ट्रस्ट के डॉ. अनुपम चौधरी, महावीर इंटरनेशनल अलवर के अध्यक्ष जिनेन्द्र जैन एवं उनकी बेटी कृति जैन, विजय सोल्वेक्स के जनरल मैनेजर आर.पी. महावर, संजीवनी हृदयालय हॉस्पिटल के डॉ. नरेश गौड़, मित्तल हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु अरोड़ा, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक खण्डेलवाल, दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल भार्गव, लायंस क्लब अलवर मत्स्य की अध्यक्ष एम.जे.एफ. लायन डॉ. मंजू अग्रवाल एवं एम.जे.एफ. लायन डॉ वी.के.अग्रवाल, सचिव लायन सुधा अग्रवाल, लायन घनश्याम अग्रवाल, एम.जे.एफ.लायन रामबाबू गुप्ता, लायन रुपेश गुप्ता, आई एम ए अलवर के कोषाध्यक्ष डॉ. दीपक श्रीवास्तव, अपना घर आश्रम अलवर के संरक्षक अशोक मेठी,एल.आई.सी.जयपुर में कार्यरत नरेश गुप्ता (भानोत वाले), सेठी एसोसिएट्स के निदेशक सुभाष सेठी ,ओरिएण्टल इंश्योरेंस से रिटायर एम.एल.गुप्ता,श्रीराम फाइनेंस जयपुर में कार्यरत गोविन्द गुप्ता ,पोस्ट ऑफिस बैंक दौसा में कार्यरत सुधांशु गुप्ता,सुभाष नगर योग क्लास से नरेन्द्र, बबिता, मामोडिया, माया, राज, शिखा, अभिनव, शिखा, मनीष मनु, अंजना यादव इत्यादि ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में अश्वत्थ लर्निंग कम्युनिटीज से सुशीला - टीएलसी कोऑर्डिनेटर, अंजली एवं आरती - टीएलसी टीचर्स, अमृता एवं नफिश - सिटी एसोसिएट, देवखेडा स्कूल की प्रधानाध्यापक कृष्णा मीणा, कंचन अग्रवाल, पूनम यादव, नीलम शर्मा, मनीषा मीना, पूजा कँवर चौहान, अंजू कुमारी, नितिन मिश्रा, भारत शर्मा, अभिषेक जैमन तथा खुदनपुरी स्कूल से विजेन्द्र सिंह -शारीरिक शिक्षक नरोज मीणा, भारती बडोदिया, सुमनलता, पूनम धानावत, रुकमणी , भारती इत्यादि उपस्थित रहे।

## नगर विकास न्यास की टीम द्वारा बिना न्यास स्वीकृति के अवैध रूप से संचालित 10 इकाइयों को किया सीज

जयपुर टाइम्स





**अलवर(निसं.)।** नगर विकास न्यास की सचिव धीगदे स्नेहल नाना के निर्देशन में न्यास क्षेत्राधिकार के ग्राम किशनपुर, श्योदानपुरा, पैतपुर में बिना न्यास स्वीकृति के अवैध रूप से संचालित 10 होटल, रिसोर्ट, पेइंग गेस्ट व रेस्टोरेंट को विधिक प्रक्रिया अपनाने हुए नियमानुसार सीज करने की कार्रवाई की गई। उपखण्ड अधिकारी अलवर माधव भारद्वाज की अध्यक्षता में गठित संयुक्त टीम द्वारा सर्वे रिपोर्ट के आधार पर सरिस्का व अकबरपुर वन क्षेत्र के बफर व सीटीएच में संचालित होटल, रेस्टोरेंट व पेइंग गेस्ट जो कि बिना भू-संपरिवर्तन के संचालित होने पर देसी ठाठ, दा जंगल लैंप, मेधावन रिसोर्ट, नमन बाग, बाबा होटल, सासू की ढाणी, गुप्ता झील, नील कमल रेस्टोरेंट, राजस्थानी होटल, सिलीसेढ इन इत्यादि 10 इकाइयों को सीज किया गया। नगर विकास न्यास की सचिव धीगदे स्नेहल नाना ने बताया कि न्यास द्वारा शहर के विभिन्न पर्यटन स्थलों के विकास हेतु कार्य किया जा रहा है। उन्होंने आम नागरिकों एवं व्यावसायिक निवेशकों से अपील की है कि पर्यटन क्षेत्र को और अधिक समृद्ध बनाने की योजना में न्यास का सहयोग करें एवं राज्य सरकार के नियमों एवं न्याय अधिनियम के अनुसार अनुमति, स्वीकृति एवं भू-संपरिवर्तन प्राप्त कर ही इकाइयों की स्थापना करें। इस दौरान नगर विकास न्यास के उप सचिव जितेन्द्र सिंह नरूका, अतिक्रमण निरोधक अधिकारी मानवेंद्र सिंह जायसवाल, अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, अकबरपुर थाना अधिकारी मय जाप्ता सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## अतिरिक्त जिला कलक्टर ने ली जिलास्तरीय युवा महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा बैठक

**युवा महोत्सव से लोक कलाकारों को मिलेगी नई पहचान**

**जिला स्तरीय युवा महोत्सव के तहत 8 दिसंबर को होगा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन**



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश डागुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्थान युवा महोत्सव के तहत आयोजित होने वाले जिलास्तरीय युवा महोत्सव की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप लुप्त एवं दुर्लभ लोककलाओं, संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं लोक कलाकारों को प्रोत्साहित करने हेतु जिला स्तर पर युवा महोत्सव के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि संबंधित विभागीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर युवा महोत्सव की समुचित तैयारियों को यथासमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले के युवा कलाकारों को इस महोत्सव से जोड़ने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करावें।

### राजस्थान युवा महोत्सव में इन गतिविधियों का होगा आयोजन

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश गुप्ता ने बताया कि राजस्थान युवा महोत्सव-2025 के अंतर्गत जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन (8 दिसम्बर 2025) विकसित भारत विकसित राजस्थान की संकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय युवा महोत्सव में राजस्थान युवा बोर्ड पोर्टल एवं माय भारत पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा चुके 15 से 29 आयु वर्ग के युवा भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि जिलास्तरीय युवा महोत्सव के तहत 8 दिसंबर को जैन आदिनाथ शिक्षण संस्थान में समूह लोक नृत्य एवं एकल लोक नृत्य, ओसवाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चित्रकला, विज्ञान मेला एवं कृषि उत्पाद गतिविधी, अग्रवाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कहानी लेखन, कविता लेखन, हस्तकला व टेक्सटाइल गतिविधी तथा घोड़ा फिर चौराहा स्थित नजर बगीची में समूह गायन, एकल गायन, खड़ताल, अलगोजा, कठपुतली, रम्मत, मांडणा, भित्तिचित्र एवं भाषण गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. प्रियंका रघुवंशी, जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक महेश मेहता, पर्यटन विभाग की उपनिदेशक डॉ. टीना यादव सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला कलक्टर ने की नगर निगम के विकास कार्यो, बजट घोषणाओं एवं योजनाओं में प्रगति की समीक्षा



**प्रगतिरत वाटर हार्वेस्टिंग संरचना, पार्क जीर्णोद्धार एवं शौचालय निर्माण कार्यों को गति देने के दिए निर्देश**

**स्वच्छता सर्वेक्षण एवं वायु गुणवत्ता सुधार के लिए निर्धारित पैरामीटर्स पर विशेष फोकस कर गैप पूर्ति के लिए करें प्रयास**

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में बैठक लेकर नगर निगम सहित नगर पालिकाओं के विकास कार्यो, बजट घोषणाओं, एनकैप एवं योजनाओं में प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास कार्यों एवं बजट घोषणाओं के कार्यों का क्रियान्वयन गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा पूर्ण करावे साथ ही महत्वपूर्ण योजनाओं में लक्ष्यानुसार प्रगति अर्जित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को प्रगतिरत वाटर हार्वेस्टिंग संरचना कार्य, पार्क जीर्णोद्धार कार्य सहित सीवरेज एवं नाला निर्माण कार्यों तथा मीट मार्केट, अखैपुरा मौहल्ला, खदाना मोहल्ला, सामान्य जिला चिकित्सालय एवं दिल्ली दरवाजे पर शौचालय निर्माण कार्यों की बिंदुवार समीक्षा कर इन्हें समयबद्धता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अमृत 2.0 के तहत सीवरेज निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर प्रभावी मॉनिटरिंग के माध्यम से कार्यों को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने एनकैप के तहत वायु स्वच्छता के उद्देश्य से प्रगतिरत कार्यों को फरवरी माह तक पूर्ण कराने तथा शेष को आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर यथाशीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को अग्यारा स्थित सीएनडी वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट, सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट सहित मैकेनाइज्ड ट्रांसफर स्टेशन को यथाशीघ्र सुचारू कराने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने ई-बस सेवा के लिए आवश्यक कार्यों की समीक्षा कर 31 दिसंबर तक चार्जिंग संरचनाओं को तैयार करवाने सहित रूट चार्ट इत्यादि तय करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1.0 व 2.0 की विस्तृत समीक्षा कर निर्धारित लक्ष्यानुसार प्रगति अर्जित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने निर्देशित किया कि स्वच्छ भारत मिशन शहरी के तहत स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए निर्धारित पैरामीटर्स पर विशेष फोकस कर रैंकिंग सुधार के लिए प्रयास करें, साथ ही शत- प्रतिशत कचरा सेग्रीगेशन के लिए जन जागरूकता के साथ डस्टबिन का वितरण करावें। उन्होंने शहर में रात्रि समय में सफाई के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार के लिए निर्देशित किया। उन्होंने नगर पालिका अधिशासी अधिकारियों को वेस्ट टू वंडर के तहत प्रत्येक नगर पालिका में एक कलाकृति स्थापित करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, समस्त नगर पालिका अधिशासी अधिकारी सहित नगर निगम के अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

## जिला कलक्टर ने किया जिला अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण

**अस्पताल को पेशेंट फ्रेंडली बनाने की दिशा में कार्य करने के दिए निर्देश**

**बस स्टैंड का औचक निरीक्षण कर साफ-सफाई व्यवस्था पुख्ता रखने व महिला यात्रियों के लिए वेटिंग रूम शुरू कराने के दिए दिशा-निर्देश**

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने सामान्य चिकित्सालय व बस स्टैंड का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला कलक्टर ने सामान्य चिकित्सालय में पर्ची काउंटर, दवा वितरण विंडो, महिला व पुरुष सर्जिकल वार्ड, सर्जिकल आईसीयू, ट्रोमा सेंटर, आईएमएस टेस्ट रूम व शौचालयों के साथ निर्माणाधीन 100 बेडेड वार्ड व 100 बेडेड क्रिटिकल केयर यूनिट का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिये कि अस्पताल को मरीज फ्रेंडली बनाने की दिशा में कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि सर्दी के मौसम के मद्देनजर मरीजों के लिए पर्याप्त गर्म कंबल, हीटर, गर्म पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि निर्माणाधीन 100 बेडेड सीसीयू व 100 बेडेड वार्ड के कार्य को गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने पीएमओ को निर्देश दिये कि कार्यरत श्रमिकों को सुरक्षा उपकरण के साथ ही कार्य कराया जावे। निरीक्षण के दौरान पोस्ट सर्जिकल वार्ड के बाहर गैलरी में सीमेंट के कट्टे रखे हुए मिलने पर उन्होंने तुरन्त शिफ्ट करने के निर्देश दिये। साथ निर्देश दिये कि चिकित्सालय के शौचालय सहित पूरे परिसर में साफ-सफाई में सुधार को और अच्छे स्तर पर ले जाने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर अस्पताल की व्यवस्था का फीडबैक लिया। मरीजों ने अस्पताल की व्यवस्थाओ की सराहना की।





### बस स्टैंड का किया औचक निरीक्षण

जिला कलक्टर ने अलवर आगार की प्रबंधक को बस स्टैंड के औचक निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, ख़राब व गंदे डस्टबीन चेंज करने, यात्रियों के लिए वोटिंग रूम की व्यवस्था को दुरस्त करने, महिला यात्रियों के लिए एक वोटिंग रूम शुरू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि शिशु एवं महिला गृह की देखभाल एवं सुरक्षा हेतु सुरक्षा गार्ड एवं कार्मिकों की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस दौरान पीएमओ डॉ. सुनील चौहान, पीडब्ल्यूडी की अधिशासी अभियन्ता अलका व्यास, आरएसआरडीसी के अधिशासी अभियन्ता सतीश कुमार, अलवर आगार की प्रबंधक सपना मीणा, पीडब्ल्यूडी की सहायक अभियन्ता सौरभ अग्रवाल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## प्लास्टिक के कट्टे में मिला महिला का शव, इलाके में सनसनी

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निसं.)** चूरू ज़िले के राजलदेसर थाना क्षेत्र में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक पुराने जोहड़ (तालाब) में तैरते हुए प्लास्टिक के कट्टे के अंदर एक महिला का शव बरामद हुआ। यह घटना जोरावरपुरा फांटे के पास स्थित थामड़ा जोहड़े की है। घटनास्थल जोरावरपुरा फांटे के पास, थामड़ा जोहड़ा में एक प्लास्टिक के कट्टे में बंधा हुआ एक महिला का शव मिला। प्राप्त जानकारी अनुसार शव करीब 10 दिन पुराना बताया जा रहा है। मृतका की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष है, जिसकी शिनाख्त समाचार लिखे जाने तक नहीं हो पाई है। सूचना मिलते ही डीएसपी इनसार खान सहित थानाधिकारी सुरेन्द्र कुमार मय जाब्ता पुलिस मौके पर पहुँची। पुलिस ने मामले की जाँच के लिए FSL टीम को भी सूचित किया है। पुलिस द्वारा शव को राजलदेसर राजकीय चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया गया और आशंका जताई जा रही है कि यह हत्या का मामला हो सकता है। स्थानीय निवासियों ने पुलिस को बताया कि यह कट्टा कई दिनों से जोहड़ में तैर रहा था। आज जब कट्टे को लेकर संदेह हुआ और उसे बाहर निकाला गया, तो उसके अंदर एक महिला का शव मिला।जिस पर पुलिस को सुचित किया गया। थानाधिकारी सुरेन्द्र कुमार ने बताया जिले के थानों में जानकारी दी गई है। पुलिस मृतका की पहचान में जुटी है। उसके बाद मामले की पुरी जानकारी दी जाएगी।

# रैली में प्रदेश से जाएंगे 50000 कांग्रेस जन, यूरिया से सरकार को कोई लेना-देना नहीं : गोविंद सिंह डोटासरा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान जोर देकर कहा कि 14 दिसंबर को दिल्ली में कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली रैली में राजस्थान से करीब 50000 कांग्रेस जन शामिल होंगे उन्होंने कहा कि इस रैली को सफल बनाने के लिए और रैली में राजस्थान से ज्यादा से ज्यादा कांग्रेस जनों की उपस्थिति दर्ज करवाने के संदर्भ में सभी जिलों में पार्टी की ओर से प्रभारी नियुक्त कर दिए गए हैं जो रैली से संबंधित तमाम तरह की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करेंगे डोटासरा ने पत्रकारों के सवाल के जवाब में कहा कि राजस्थान सरकार के मुखिया और मंत्री तथा भाजपा के नेता डबल इंजन की सरकार का हवाला देकर बड़ी-बड़ी बातें करते हैं लेकिन केंद्र सरकार ने ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने से इनकार कर दिया है उन्होंने कहा कि यही हाल यमुना जल समझौते का



है यमुना जल समझौते की अभी तक डीपीआर तक नहीं बनी है उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को दिल्ली दौरे से फुर्सत नहीं मिल रही है मुख्यमंत्री रोजाना दिल्ली में जाकर अपनी हाजिरी देकर आ रहे हैं और राजस्थान में किसान यूरिया के लिए तरस रहा है उन्होंने कहा कि पिछले 2 साल में राजस्थान का युवा किसान मजदूर महिला हर वर्ग परेशान है और प्रदेश के लोगों में सरकार को लेकर गहरा आक्रोश छाया हुआ है जानकारी के अनुसार दिल्ली में 14 दिसंबर को एसआईआर को लेकर रामलीला मैदान में कांग्रेस पार्टी की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर रैली का आयोजन किया जा रहा है इस रैली में देश भर के विभिन्न राज्यों के कांग्रेस जन अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे और इस रैली में देश भर के सभी कांग्रेस पार्टी के बड़े लीडर मौजूद रहेंगे कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री के अलावा कांग्रेस पार्टी के विभिन्न राज्यों के प्रतिपक्ष के नेता भी इस रैली में मौजूद रहेंगे क्योंकि राजस्थान दिल्ली के काफी नजदीक है राजस्थान में कई जिले दिल्ली से बिल्कुल नजदीक हैं इसलिए राजस्थान से इस रैली में ज्यादा से ज्यादा कांग्रेस जनों के शामिल होने की बात कही जा रही है इसके लिए राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पार्टी के सभी विधायकों पूर्व विधायकों पार्टी के विधानसभा के प्रत्याशियों पार्टी के वर्तमान सांसदों पार्टी के पूर्व सांसदों और पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं के साथ नियमित रूप से रैली की तैयारी को लेकर बातचीत कर रहे हैं पार्टी के सभी नवनियुक्त जिला अध्यक्षों को भी इस रैली को शानदार और ऐतिहासिक बनाने को कहा गया है इसके अलावा पार्टी के वर्तमान विधायकों और पार्टी के वर्तमान सांसदों को भी अपने स्तर पर रैली में ज्यादा से ज्यादा लोगों को लेकर जाने के निर्देश प्रदेश कांग्रेस की ओर से दिए जा रहे हैं रैली को राहुल गांधी प्रियंका गांधी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन जैसे पार्टी के कई बड़े नेता संबोधित करेंगे इस रैली में मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य को लेकर कांग्रेस पार्टी की ओर से एक बड़े जन आंदोलन का ऐलान भी किया जा सकता है इस रैली में राहुल गांधी ने वोटचोर गद्दी छोड़ अभियान को लेकर देश भर में कांग्रेस पार्टी की सभी राज्य इकाइयों को हस्ताक्षर अभियान संपादित करने को कहा था यह अभियान सभी राज्यों में संपूर्ण हो गया है अब राजस्थान कांग्रेस की ओर से भी इस अभियान में जितने लोगों के हस्ताक्षर करवाए गए हैं उनके डॉक्यूमेंट दिल्ली की इस रैली में डोटासरा की ओर से प्रस्तुत किया जाएगा और यह बताया जाएगा कि राजस्थान में कितने लोगों ने इस अभियान में अपनी सहमति जताकर हस्ताक्षर किए हैं इसी तरह से अन्य राज्यों में पार्टी के अध्यक्ष भी इसी तरह से हस्ताक्षर अभियान संबंधी डॉक्यूमेंट रैली में प्रस्तुत करके अपने-अपने राज्यों के लोगों के बारे में जानकारी देकर यह बताएंगे कि इतनी संख्या में लोगों ने इस अभियान में अपनी सहमति जताकर हस्ताक्षर किए हैं इसलिए 14 दिसंबर की रैली में कांग्रेस पार्टी के नेता यह बताएंगे कि इस अभियान में देश के कितने लोगों ने सहमति जताकर हस्ताक्षर किए हैं और फिर कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधिमंडल उस दिन ही देशभर के संपूर्ण हस्ताक्षर अभियान के डॉक्यूमेंट लेकर राष्ट्रपति भवन जाएंगे और राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू से मुलाकात करके उन्हें यह बताएंगे कि चुनाव आयोग की ओर से मतदाता सूची शुद्धिकरण का जो कार्य किया जा रहा है इसको लेकर देश के इतने लोगों ने अपनी नाराजगी प्रकट की है ।

## एसीबी ने तकनीकी सहायक को 14 000 रुपए की रिश्वत लेते दबोचा, सोलर पैनल लगाने के बदले मांगी थी रिश्वत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक वीरों की टीम ने गुरुवार को प्रदेश के केकड़ी में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए बिजली विभाग में पोस्टेड तकनीकी सहायक को 14 000 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है एंटी करप्शन ब्यूरो की ओर से गिरफ्तार अभियुक्त नाथूलाल के विभिन्न पर भी सर्च अभियान को अंजाम दे रही है इसके अलावा बरामद की गई रिश्वत की रकम में किसी अन्य अधिकारी का हिस्सा तो निश्चित नहीं है इस बात दे रही है इसके अलावा बरामद की गई रिश्वत की रकम में किसी अन्य अधिकारी का हिस्सा तो तय नहीं है इस बात की भी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जांच पड़ताल कर रहा है भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त नाथूलाल केकड़ी स्थित ए. ई. एन. के दफ्तर में तकनीकी सहायक पद पर नियुक्त है जिसने परिवादी से सोलर पैनल लगाने के बदले रिश्वत की रकम मांगी थी जिसकी शिकायत परिवादी ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में दर्ज करवाई भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया गया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने आरोपी नाथूलाल को रंगे हाथों गिरफ्तार करने के लिए एक कार्य योजना तैयार की इसी कार्य योजना के तहत गुरुवार को जैसे ही परिवादी ने नाथू लाल को रिश्वत के 14 000 रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से तैयार बैठे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ नाथू लाल को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया एंटी करप्शन ब्यूरो की इस कार्रवाई के बाद बिजली विभाग में देना अन्य अधिकारियों रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से तैयार बैठे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ नाथू लाल को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया एंटी करप्शन ब्यूरो की इस कार्रवाई के बाद बिजली विभाग में नियुक्त अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों में खलबली मच गई ।

## ई. डी. ने अल फुर्कन ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद सदीक को गिरफ्तार किया, कई गंभीर आरोप

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने प्रदेश में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए अल फुर्कन ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद सदीक को अरेस्ट किया है सादिक पर कई तरह के गंभीर आरोप हैं अवैध रूप से मनी लांड्रिंग धर्म परिवर्तन बांग्लादेश में भी अवैध तरीके से स्वयंसेवी संगठन को धन उपलब्ध करवाना जैसे कई गंभीर अपराध के मामलों में लिप्त होने की वजह से सादिक को अरेस्ट किया गया है जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त मोहम्मद सदीक बीकानेर में स्वयंसेवी संगठन का संचालन करता है और इस संगठन के माध्यम से उसने अवैध रूप से धन संग्रह किया और फिर अवैध रूप से संग्रहित किए गए पैसों को अवैध तरीके से विदेश में अनैतिक कार्यों के लिए उपयोग में लिया जानकारी के अनुसार मोहम्मद सदीक बांग्लादेश कुवैत और कई अन्य देशों की यात्रा कर चुका है बांग्लादेश में भी एक स्वयंसेवी संगठन को मोहम्मद सादिक ने पैसा उपलब्ध करवाया था बांग्लादेश में हिंदुओं पर जिस तरह से अत्याचार किए जाने की खबरें मीडिया की सुर्खियों में है वहां पर मोहम्मद सदीक का स्वयंसेवी संगठन को पैसे उपलब्ध करवाना जांच का विषय बन गया है इसके अलावा मोहम्मद सादिक ने कई देशों की यात्राएं की है इन यात्राओं के पीछे भी कोई बड़ी वजह परिवर्तन निदेशालय की जांच में सामने आई है इसके अलावा प्रवचन निदेशालय की जांच में धर्म परिवर्तन और जिहाद जैसी गतिविधियों में भी इसके शामिल होने के संकेत मिले हैं कुछ आतंकी संगठनों से भी लिंकअप होने के संकेत प्रवर्तन निदेशालय को अपनी जांच में मिले हैं इसलिए कई बड़े सबूत और तथ्य संकलन करने के बाद आखिरकार प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने मोहम्मद सदीक को अरेस्ट किया है कुछ महीने पहले प्रवचन निदेशालय ने बीकानेर और प्रदेश के कई अन्य हिस्सों में संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त होने पर कुछ लोगों की गिरफ्तारी की थी इन लोगों से हुई पूछताछ के बाद प्रवचन निदेशालय की टीम गुपचुप तरीके से मोहम्मद सदीक के बारे में भी आवश्यक जांच पड़ताल कर रही थी ।

## महेश जोशी का राजस्थान कांग्रेस कार्यालय में जोरदार स्वागत, डोटासरा ने जोशी को लगाया गले

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पूर्व मंत्री और जयपुर के पूर्व सांसद महेश जोशी का गुरुवार को राजस्थान कांग्रेस कार्यालय में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने जोशी को गले लगाया दोनों नेताओं ने गर्मजोशी से हाथ मिलाया और फिर एक दूसरे के गले मिले इस मौके पर डोटासरा ने पत्रकारों से कहा कि सत्य की जीत हुई है और षड्यंत्र पराजित हुआ है । सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को महेश जोशी को शर्तों के आधार



पर जमानत दे दी थी जिसके बाद बुधवार की शाम ही जोशी जेल से बाहर आ गए थे इसके बाद उन्होंने जयपुर के आराध्य गोविंद देव जी मंदिर के दर्शन किए इस मौके पर बड़ी संख्या में उनके साथ उनके समर्थक भी थे समर्थकों ने भी एक दूसरे को मिठाई खिलाई और जोशी की रिहाई पर खुशी जाहिर की । इसके बाद गुरुवार को जोशी राजस्थान कांग्रेस कार्यालय में पहुंचे जहां पर कांग्रेस पार्टी के सभी नेताओं ने उनका गर्म जोशी से स्वागत किया इसमें कोई संदेह नहीं जोशी जयपुर कांग्रेस के काफी लोकप्रिय नेता माने जाते हैं जयपुर से एक बार सांसद भी रह चुके हैं और जयपुर की किशनपुर और हवा महल लोकप्रिय नेता माने जाते हैं जयपुर से एक बार सांसद भी रह चुके हैं और जयपुर की किशनपोल और हवा महल विधानसभा सीट से विधायक भी रह चुके हैं पिछली गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री थे और अशोक गहलोत के शुरू से ही काफी विश्वासपात्र नेता माने जाते रहे हैं लेकिन पिछले करीब 18 महीने पहले परिवर्तन निदेशालय ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से दर्ज किए गए मामले के आधार पर जल जीवन मिशन घोटाले में जांच को अंजाम देते हुए महेश जोशी को गिरफ्तार किया था जोशी ने अपनी जमानत के लिए हाईकोर्ट में याचिका प्रस्तुत की थी लेकिन हाई कोर्ट ने उन्हें जमानत देने से मन कर दिया था बाद में सुप्रीम कोर्ट में जोशी ने जमानत याचिका प्रस्तुत की जिसके बाद बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें शर्तों के आधार पर जमानत दे दी है ।

## अजमेर की दरगाह और कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस प्रशासन में मचा हड़कंप

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में सरकारी संस्थाओं स्कूलों इत्यादि में बम होने की गलत सूचनाओं ने पुलिस और प्रशासन के लिए बड़ी मुश्किलें खड़ी कर दी हैं इस तरह की सूचनाओं पिछले कुछ महीनो से आए दिन कभी फोन कॉल के माध्यम से तो कभी ईमेल के माध्यम से अज्ञात लोगों की ओर से बम होने की सूचनाएं दी जा रही है बुधवार को एक बार फिर से जयपुर जिलाधीश कार्यालय में बम होने की सूचना दी गई बाद में यह सूचना फर्जी निकली और अब अगले ही दिन गुरुवार को अजमेर के जिलाधीश कार्यालय और अजमेर की ख्वाजा साहब दरगाह को बम से उड़ाने की सूचना दी गई जिसके बाद पुलिस और प्रशासन हरकत में आया पुलिस के अधिकारी तुरंत ख्वाजा साहब की दरगाह और जिलाधीश कार्यालय पर पहुंचे और इन दोनों ही जगह पर बामनिरोधक दस्ते को बुलाया गया और दोनों ही जगह पर गहन तलाशी अभियान शुरू किया गया इस दौरान दरगाह परिसर को भी खाली करवा लिया गया और आसपास के दुकानदारों को भी पूरी तरह से अलर्ट रहने को कहा गया जिलाधीश कार्यालय को भी खाली करवाया गया काफी देर तक दोनों ही जगह पर गहन तलाशी ली गई और गहन जांच पड़ताल के बाद दोनों ही जगह पर पुलिस को ऐसी कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिला जिस पर संदेह किया जा सके इसके बाद पुलिस ने ख्वाजा साहब की दरगाह और जिलाधीश कार्यालय को पूरी तरह से सुरक्षित बताया और कहा कि बम की गलत सूचना दी गई जानकारी के अनुसार गुरुवार को अजमेर जिलाधीश दफ्तर और



दरगाह में बम होने की सूचना अजमेर जिलाधीश कार्यालय में ईमेल के माध्यम से दी गई जयपुर जिलाधीश कार्यालय को भी बुधवार को ईमेल से ही सूचना दी गई थी अब पुलिस ईमेल की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है पुलिस को संदेह है कि इस तरह की झूठी खबर देने वाला कोई विशेष ग्रुप है जो कहीं ना कहीं पुलिस और प्रशासन को गुमराह करने के लिए इस तरह की सूचना भेज रहा है लेकिन पुलिस हर सूचना को काफी गंभीरता से लेती है इसी के मध्य नजर पुलिस ने अजमेर दरगाह और जिलाधीश कार्यालय को पूरी तरह से खाली करवा कर मौके पर जांच पड़ताल की उल्लेखनीय है कि कुछ महीने पहले मुख्यमंत्री आवास को भी बम से उड़ाने की खबर दी गई थी पुलिस ने इस तरह के मामलों में पूर्व में दोष जेल में बंद कुछ कैदियों को अरेस्ट भी किया था अब पुलिस का मानना है कि जयपुर जिलाधीश कार्यालय और अजमेर जिलाधीश कार्यालय तथा अजमेर दरगाह में बम होने की सूचना देने वाले कहीं ना कहीं एक ही व्यक्ति हैं इसलिए पुलिस ईमेल की गहनता से जांच कर रही है

## तस्करों से 15 करोड़ रुपए की हीरोइन, दो विदेशी पिस्तौल दो मैगजीन और 14 कारतूस बरामद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** हनुमानगढ़ जिला पुलिस ने गुरुवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए संगरिया थाना इलाके में लग्जरी गाड़ी में सवार तस्करों से करीब 15 करोड रुपए कीमत की हीरोइन दो विदेशी पिस्टल और दो मैगजीन तथा 14 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं जानकारी के अनुसार हनुमानगढ़ जिले कि यह अब तक की सबसे बड़ी हीरोइन बरामद करने का मामला है जिस तरह से अपराधियों से विदेशी हथियार बरामद हुए हैं और भारी मात्रा में हीरोइन बरामद की गई उससे हनुमानगढ़ जिला पुलिस अधीक्षक हरिशंकर का भी मानना है कि गिरफ्तार अभियुक्त किसी बड़े ग्रुप से जुड़े हुए हैं जो अवैध मादक पदार्थों के अलावा अवैध हथियारों की भी तस्करी करते हैं इसलिए गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों से गहनता से पूछताछ की जा रही है जानकारी के अनुसार पुलिस की प्रारंभिक जांच पड़ताल में बरामद किए गए हथियार और हीरोइन पाकिस्तान से आने की जानकारी मिली है इसलिए पुलिस को संदेह है कि गिरफ्तार अभियुक्त किसी अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी और हथियार तस्कर ग्रुप के सदस्य हैं पुलिस अब इस ग्रुप के अन्य सदस्यों को भी चिन्हित करके उन तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है जानकारी के अनुसार हनुमानगढ़ जिले के संगरिया थाना इलाके में पुलिस ने लग्जरी गाड़ी में सवार इन दोनों अपराधियों को पकड़ा और लग्जरी गाड़ी की तलाशी में 3 किलो 8 ग्राम हीरोइन मिली जिसे देखकर पुलिस के अधिकारियों की




आंखें फटी रह गई इसके अलावा लग्जरी गाड़ी में विदेशी पिस्टल और मैगजीन तथा 14 जिंदा कारतूस मिलने के बाद पुलिस ने अपनी जांच के दायरे को और बढ़ा दिया जानकारी के अनुसार जिस जगह पर इन दोनों अपराधियों को पकड़ा गया उस जगह से पाकिस्तान की सीमा ज्यादा दूर नहीं है पुलिस अब पूछताछ करके यह पता लग रही है कि बरामद की गई है हीरोइन उन तक कैसे कब और किस तरह से पहुंची है पुलिस गिरफ्तार अभियुक्तों से यह भी पता लग रही है कि उन तक हीरोइन पहुंचने से पहले यह हीरोइन पाकिस्तान से क्या सीधे उन तक पहुंची या बीच में और किसी के पास यह हीरोइन पहले आई इन सब विषयों पर पुलिस की जांच पड़ताल जारी है जानकार लोगों का कहना है कि पुलिस को अब यह भी जानने में काफी मदद मिलेगी कि पाकिस्तान से तस्कर कैसे और किस तरह से भारत की सीमा में अवैध मादक पदार्थ भिजवाने में सफल हो रहे हैं ।

## हाई कोर्ट ने राज्य क्रिकेट संघ में अजय रस्तोगी के लोकपाल पद की नियुक्ति को सही बताया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान हाई कोर्ट ने राज्य क्रिकेट संघ की सदस्य कमेटी की ओर से लोकपाल पद पर नियुक्त किए गए पूर्व न्यायाधीश अजय रस्तोगी की नियुक्ति को सही करार दिया है अजय रस्तोगी के लोकपाल पद पर नियुक्ति को श्रीगंगानगर जिला क्रिकेट संघ ने नियम विरुद्ध और गलत बताया था राज्य क्रिकेट संघ की सदस्य कमेटी की ओर से लिए गए इस निर्णय के खिलाफ श्रीगंगानगर जिला क्रिकेट संघ ने हाईकोर्ट में याचिका प्रस्तुत की थी इस याचिका की सुनवाई के दौरान गुरुवार को राजस्थान हाई कोर्ट ने अजय रस्तोगी की नियुक्ति को सही करार दिया है । इस मामले में श्रीगंगानगर जिला क्रिकेट संघ को अब बैक फुट पर आना पड़ गया है और अब राज्य क्रिकेट संघ से जुड़े विभिन्न विवादों मामलों और शिकायतों का निस्तारण लोकपाल अजय रस्तोगी ही करेंगे जानकारी के अनुसार अजय रस्तोगी सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश रह चुके हैं इसके अलावा त्रिपुरा हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रहे हैं और राजस्थान हाई कोर्ट से भी लंबे समय तक अजय रस्तोगी जुड़े रहे अजय रस्तोगी न्यायिक प्रणाली के बारे में काफी गंभीरता से और बारीकी से जानकारी रखते हैं इसलिए राजस्थान हाई कोर्ट ने जिस तरह से उनकी नियुक्ति को सही करार दिया है उसके बाद अब राज्य क्रिकेट संघ में जितने भी विवाद शिकायतें और मामले आएंगे उनका निस्तारण अजय रस्तोगी ही करेंगे उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ महीनो से राज्य क्रिकेट



संघ राजनीति का बड़ा अखाड़ा बन गया है राज्य क्रिकेट संघ की तदर्थ कमेटी के संयोजक डीडी कुमावत की कार्यशैली और उनके व्यवहार को लेकर कमेटी के सदस्यों ने ही कुछ दिन पहले बगावत कर दी थी राज्य क्रिकेट संघ की तदर्थ समिति के सदस्यों के बीच आपस में चल रही मनमुटाव की खबरों से प्रदेश के क्रिकेट और क्रिकेटर कभी-कभी नुकसान हो रहा था पिछले दिनों तदर्थ कमेटी के संयोजक डीडी कुमावत और कमेटी के बाकी के सदस्यों के बीच आपस में क्रिकेट टीम के सिलेक्शन को लेकर विवाद खड़ा हुआ उसकी वजह से रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में भी राजस्थान टीम के सिलेक्शन को लेकर अजीब सी स्थिति खड़ी हो गई थी इस तरह से पिछले कुछ महीनो से राज्य क्रिकेट संघ पूरे भारत में काफी बदनाम हुआ है अब अजय रस्तोगी के लोकपाल पद पर कार्य संभालने के बाद कहीं ना कहीं राज्य क्रिकेट संघ में जितने भी मामले और विवाद चल रहे हैं उनका ठीक तरह से निस्तारण हो पाएगा जो क्रिकेट और प्रदेश के क्रिकेटरों के लिए अच्छा रहेगा ।

## संसद में गलता तीर्थ और सूर्य मंदिर को स्वदेश दर्शन में शामिल करने की मांग, मंजू शर्मा ने उठाया मामला

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** लोकसभा में गुरुवार को जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने गलता तीर्थ और सूर्य मंदिर दोनों को भारत सरकार की स्वदेश दर्शन योजना में शामिल करने की पुरजोर मां की और कहा कि यह दोनों ही पवित्र धर्म स्थल ऊंची पहाड़ियों पर मौजूद हैं दोनों ही काफी ऐतिहासिक मंदिर है और दोनों की प्राचीन मान्यता है इसलिए सरकार अगर इन दोनों धर्म स्थलों का समुचित रूप से विकास करेगी और स्वदेश दर्शन योजना में शामिल करेगी तो इससे पर्यटन की संभावना भी और ज्यादा बढ़ेगीभारत सरकार की स्वदेश दर्शन योजना काफी महत्वपूर्ण योजना है इस योजना के माध्यम से प्रमुख मंदिरों और धर्म स्थलों को विकसित करके उन्हें पर्यटन से भी जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है जिसकी वजह से एक तरफ जहां पर्यटन को बढ़ावा मिलता है तो दूसरी तरफ प्रमुख मंदिरों का दुनिया भर में और भी बेहतर तरीके से प्रचार होता है इसलिए जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने बहुत ही प्रभावशाली तरीके से इस मुद्दे को गुरुवार को लोकसभा में उठाया उल्लेखनीय है कि गलता तीर्थ का अपना पौराणिक प्राचीन इतिहास रहा है यह पवित्र स्थान गालव ऋषि की तपोस्थली माना जाता है यहां पर पुरुष और महिलाओं के लिए दो कुंड बने हुए हैं जिनमें निरंतर पहाड़ियों से गोमुख से पानी गिरता रहता है यह पानी अनवरत रूप से साल भर कुंड में गिरता रहता है इन कुंडों का भी अपना अलग महत्व है यहां स्नान करने से कहते हैं इंसान के सभी पाप धुल जाते हैं यहां कार्तिक महीना में रोजाना हजारों की संख्या में महिलाएं कार्तिक स्नान के लिए आती हैं इसलिए इसके अलावा इस पवित्र स्थल पर देश और विदेश के लोग भी दर्शन करने के लिए निरंतर आते हैं लेकिन सरकार अगर इस पर्यटन स्थल को और भी विकसित करें तो और भी अच्छे परिणाम सामने आ सकते हैं इसलिए स्वदेश दर्शन योजना में गलता तीर्थ और यहीं पर ऊंची पहाड़ी पर स्थित सूर्य मंदिर जिसके अपने आप में एक अलग महिमा है एक अलग मान्यता है इन दोनों को स्वदेश दर्शन योजना में शामिल करने से एक तरफ जहां इन दोनों ही पवित्र और प्राचीन मंदिरों का समुचित विकास और प्रचार प्रसार हो सकेगा तो दूसरी तरफ यहां दर्शन करने आने वाले लोगों की संख्या में भी काफी बढ़ोतरी होगी जिसकी वजह से जयपुर के पर्यटन उद्योग को भी गति मिलेगी।

## जोधपुर के बाद बीकानेर जेल में कॉल ब्लॉकिंग सिस्टम लागू, चोरी छुपे कैदी नहीं कर पाएंगे बात

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जोधपुर सेंट्रल जेल के बाद अब बीकानेर जेल में भी चोरी छुपे मोबाइल फोन से बात करने वाले कैदियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए जेल में नो नेटवर्क नो कॉल सिस्टम प्रभावी तौर पर लागू हो गया है इस सिस्टम को जेल प्रशासन ने मोबाइल प्रदाता कंपनी के सहयोग से लागू किया है शुरू में थोड़ी बहुत दिक्कत जरूर इस सिस्टम को सफलतापूर्वक लागू करने में आई थी लेकिन अब इस नए इस नएसिस्टम ने पूरी तरह से प्रभावी रूप से कार्य करना शुरू कर दिया है जिसकी वजह से जेल में अब कोई भी बात नहीं कर पाएगा इस तरह का सिस्टम पहले जोधपुर जेल में भी लागू किया गया था जहां पर प्रयोग के सफल होने के बाद अब




बीकानेर जेल में सफलतापूर्वक शुरू किया गया है धीरे-धीरे इस सिस्टम को अब प्रदेश के सभी जिलों इस सिस्टम को अब प्रदेश की सभी जेल में लागू कर दिया जाएगा इसके बाद जेल से कोई भी कैदी चोरी छुपे बात नहीं कर पाएगा यह कदम निश्चित रूप से अपराधों पर अंकुश लगाने में भी बड़ा सहायक साबित होगा क्योंकि प्रदेश के सभी छोटी बड़ी जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर जेल से मोबाइल फोन से बातचीत करके जेल से बाहर अपने गैंग के सदस्यों से बातचीत करके उन्हें क्राइम के लिए प्रेरित करते रहते थे यह मोबाइल फोन चोरी छुपे प्रदेश की छोटी बड़ी सभी जेल में पहुंच जाया करते थे जयपुर की सेंट्रल जेल में भी नियमित रूप से वार्ड की तलाशी के दौरान मोबाइल फोन सिम इत्यादि मिलते रहे हैं इसके अलावा प्रदेश के अन्य जिलों में भी तलाशी के दौरान समय-समय पर बैरक में मोबाइल फोन सिम इत्यादि कैदियों के पास मिलते रहे हैं इसके अलावा जेल में शौचालय व अन्य जगहों पर भी मोबाइल फोन सिम मिलना आम बात है अब भले ही मोबाइल फोन जेल तक पहुंच जाए लेकिन जिस तरह से नो नेटवर्क ना कॉल सिस्टम को प्रभावित तरीके से जोधपुर और बीकानेर जेल में लागू किया गया है उसके बाद इन दोनों जेल में जेल में कोई भी मोबाइल फोन से बात नहीं कर पाएगा चाहे उसका मोबाइल फोन कितना ही प्रभावी और आधुनिक हो कोई सा भी फोन इस सिस्टम को नहीं तोड़ पाएगा इसलिए अपराधों पर अंकुश लगाने में जेल विभाग का यह नवाचार काफी सहायक साबित हो सकता है जानकार लोगों का कहना है कि वैसे तो जेल में जैमर लगाए जाते हैं लेकिन आजकल छोटा अपराधी भी 5 जी और स्मार्टफोन का उपयोग करता है इसलिए जेल में लगाए गए जैमर ठीक तरह से 5 जी फोन पर एक्टिव नहीं हो पा रहे थे इसलिए इस तरह के मोबाइल फोन का उपयोग करके कैदी आसानी से चोरी छुपे बात कर लिया करते थे लेकिन जोधपुर और बीकानेर जेल में अब चाहे कोई कितना ही प्रभावी और कीमती आधुनिक मोबाइल फोन हो इस नए सिस्टम को फेल नहीं कर पाएगा इसलिए यह सिस्टम अब प्रदेश की अन्य जिलों में भी लागू किया जाएगा ।

# रूसी राष्ट्रपति पुतिन का दो दिवसीय भारत दौरा

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का दो दिवसीय भारत दौरा केवल द्विपक्षीय संबंधों की रस्म अदायगी नहीं, बल्कि बदलती वैश्विक व्यवस्था में भारत की विदेश नीति की प्राथमिकताओं और दबावों की एक साथ झलक है। यूक्रेन युद्ध के बाद यह पुतिन की पहली भारत यात्रा है, ऐसे समय में जब रूस पर पश्चिमी प्रतिबंध जारी हैं और खुद भारत पर भी वॉशिंगटन व यूरोप, दोनों ओर से रुसी तेल व रक्षा सहयोग को लेकर दबाव बढ़ा है।

यह दौरा भारत की उस रणनीति को रेखांकित करता है जिसे आज 'मल्टी-अलाइनमेंट' कहा जा रहा है। एक तरफ भारत अमेरिका, यूरोप, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ कूटनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा साझेदारी गहरा कर 'इंडो-पैसिफिक' में चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करना चाहता है; दूसरी ओर वह मॉस्को के साथ दशकों पुराने रक्षा, ऊर्जा और परमाणु सहयोग को छोड़ने को तैयार नहीं। रूस आज भी भारत का सबसे बड़ा रक्षा आपूर्तिकर्ता है और हाल के वर्षो में सस्ते कच्चे तेल ने भारतीय अर्थव्यवस्था को मुद्रास्फीति के झटके से काफी हद तक बचाए रखा है।

पुतिन के इस दौरे का तत्काल एजेंडा भी यही है–ऊर्जा, रक्षा और व्यापार। दोनों देश 2030 तक आपसी व्यापार को 100 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य सामने रख रहे हैं, जबकि अभी यह लगभग 69 अरब डॉलर के आसपास है, वह भी भारी असंतुलन के साथः भारत अधिकतर रूसी तेल और उर्वरक आयात करता है, जबकि उसकी तरफ से रूस को निर्यात काफी सीमित है। इस यात्रा में रूसी पक्ष भारतीय ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक्सटाइल और खाद्य उत्पादों के आयात में रुचि दिखा रहा है, ताकि व्यापार संतुलन सुधरे। रक्षा मोर्चे पर भी कई संवेदनशील चर्चाएँ एजेंडे में हैं–लंबित स्-400 मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति, भविष्य में स्ह्व-57 स्टेल्थ फाइटर जैसे अत्याधुनिक प्लेटफॉर्म पर सहयोग की संभावनाएँ और संयुक्त उत्पादन व स्पेयर सप्लाई की विश्वसनीयता जैसे मुद्दे प्रमुख हैं। साथ ही परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के संकेत दिए जा रहे हैं। यह सब उस पृष्ठभूमि में हो रहा है जब अमेरिका खुले तौर पर भारत के रूसी तेल आयात और हथियार सौदों पर आपत्ति जता चुका है और हाल के दिनों में भारतीय निर्यात पर दंडात्मक शुल्क लगाकर दबाव भी बढ़ाया है।

यहीं से भारत की विदेश नीति के सामने असली चुनौती खड़ी होती है। एक ओर 'रणनीतिक स्वायत्तता' की पुरानी नीति है, जो न नेहरू के गुटनिरपेक्ष आंदोलन के दौर में खत्म हुई, न आज क्वाड की सदस्यता के बावजूद; दूसरी ओर 21वीं सदी के जटिल आर्थिक पारस्परिक निर्भरता और तकनीकी गठबंधनों की वास्तविकताएँ हैं, जहाँ अमेरिका और यूरोप भारत के लिए सबसे बड़े निवेशक, टेक्नोलॉजी पार्टनर और निर्यात बाजार हैं। पुतिन की मेज़बानी करते हुए भारत को बार-बार यह संदेश भी देना पड़ता है कि वह यूक्रेन युद्ध में किसी पक्ष का साथ नहीं दे रहा, बल्कि संवाद और कूटनीति के ज़रिए समाधान चाहता है–यह बात प्रधानमंत्री मोदी इस शिखर वार्ता में फिर दोहरा सकते हैं।

भारत की विदेश नीति पर इस दौरे का दीर्घकालिक असर तीन स्तरों पर दिखाई देगा। पहला, ऊर्जा-सुरक्षा का आयाम।

रूसी तेल पर छूट और लंबी अवधि के अनुबंध भारत को अपनी ऊर्जा लागत नियंत्रित रखने में मदद करते हैं, पर साथ ही यह निर्भरता अमेरिकी प्रतिबंधों और वित्तीय तंत्र (डॉलर-केन्द्रित भुगतान प्रणाली) के संदर्भ में जोखिम भी बढ़ाती है। यदि भारत और रूस रुपए-रूबल या वैकल्पिक भुगतान व्यवस्थाओं को संस्थागत रूप दे पाते हैं, तो यह पश्चिमी वित्तीय दबदबे से आंशिक मुक्ति की दिशा में छोटा पर प्रतीकात्मक कदम होगा, जो भारत की 'मल्टी-करेंसी, मल्टी-पार्टनर' वैश्विक रणनीति को मजबूती देगा। दूसरा, रक्षा-सहयोग और टेक्नोलॉजी ट्रांजिशन। भारत धीरे-धीरे अमेरिकी, फ्रांसीसी और इजरायली हथियारों की ओर भी झुक रहा है, पर अब भी उसकी भारी सैन्य संपदा रूसी मूल की है। इस यात्रा से यदि स्पेयर पार्ट की सप्लाई, लोकल मैन्युफैक्चरिंग और संयुक्त अनुसंधान पर ठोस प्रगति होती है, तो भारत अपने सैन्य आधुनिकीकरण में निरंतरता बनाए रख सकता है। इसके उलट, यदि पश्चिम के दबाव के कारण रूस-भारत रक्षा ट्रैक कमजोर होता है, तो भारत को एक महंगी और कठिन पुनर्संरचना से गुजरना पड़ेगा, जिसमें लॉजिस्टिक, ट्रेनिंग और इंटरऑपरेबिलिटी की नई चुनौतियाँ होंगी। इसलिए नई दिल्ली का लक्ष्य स्पष्ट है–रूस के साथ साझेदारी बनाए रखते हुए उपकरणों और तकनीक के स्रोतों में विविधता लाना।

तीसरा, भू-राजनीतिक संतुलन और भारत की छवि।

पुतिन की मेज़बानी से पश्चिमी जगत में यह संदेश जाएगा कि भारत अब भी रूस को 'आइसोलेट' किए जाने की पश्चिमी लाइन से सहमत नहीं है और वह अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर स्वतंत्र निर्णय लेता है। पर उसी के साथ भारत की यह जिम्मेदारी भी बढ़ेगी कि वह खुले मंचों–त्न20, स्ष्टह्, ब्रिक्स और संयुक्त राष्ट्र–पर युद्ध विराम, अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवाधिकारों पर अपनी संतुलित, पर सिद्धांतगत आवाज़ को और स्पष्टता से रखे। भारत यदि रूस और पश्चिम के बीच पुल-निर्माता की भूमिका निभाना चाहता है तो उसे केवल आर्थिक लाभ तक सीमित न रहकर राजनीतिक-नैतिक पहलुओं पर भी विश्वसनीयता अर्जित करनी होगी।

इस दौरे का एक प्रतीकात्मक पहलू भी है, जिसे नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकताः प्रधानमंत्री मोदी का स्वयं एयरपोर्ट जाकर पुतिन का स्वागत करना और अपने आधिकारिक आवास पर निजी डिनर देना उन चुनिंदा रिश्तों के लिए रखा जाता है जिन्हें भारत 'विशेष' मानता है। यह दृश्य संदेश केवल रूस के लिए नहीं, बल्कि वॉशिंगटन, बीजिंग, ब्रसेल्स और टोक्यो, सभी के लिए है कि भारत किसी एक ध्रुव में समा जाने को तैयार नहीं है।

कुल मिलाकर, पुतिन की यह भारत यात्रा नई दिल्ली की विदेश नीति पर दो तरह से असर डालेगी। अल्पकाल में यह ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा सौदों, व्यापार संतुलन और वैकल्पिक वित्तीय तंत्र पर ठोस समझौतों के रूप में दिखेगी, जो भारत के आर्थिक हितों को सीधे मजबूत करेंगे। दीर्घकाल में यह भारत के उस आत्मविश्वासी चेहरे को और स्पष्ट करेगी जो न तो पश्चिम-विरोधी है, न रूस-समर्थन की अंध भक्ति में, बल्कि एक ऐसे उदयशील, बहु-ध्रुवीय एशिया की परिकल्पना करता है जहाँ भारत अपनी स्वतंत्र आवाज़ के साथ निर्णय लेता है।

चुनौती यही होगी कि भारत संतुलन साधने की इस कला को केवल 'जुगाड़' या तात्कालिक लाभ की नीति न बनने दे, बल्कि स्पष्ट सिद्धांतों, पारदर्शिता और दीर्घकालिक राष्ट्रीय हित के ठोस विमर्श से जोड़कर एक परिपक्व, विश्वसनीय और नैतिक विदेश नीति के रूप में दुनिया के सामने प्रस्तुत करे। पुतिन का यह दौरा उस दिशा में एक और परीक्षा-पल है–और साथ ही एक अवसर भी, जिसे भारत को सूझबूझ और साहस, दोनों के साथ साधना होगा।

*पुतिन के इस दौरे का तत्काल एजेंडा भी यही है–ऊर्जा, रक्षा और व्यापार। दोनों देश 2030 तक आपसी व्यापार को 100 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य सामने रख रहे हैं, जबकि अभी यह लगभग 69 अरब डॉलर के आसपास है, वह भी भारी असंतुलन के साथः भारत अधिकतर रूसी तेल और उर्वरक आयात करता है, जबकि उसकी तरफ से रूस को निर्यात काफी सीमित है। इस यात्रा में रूसी पक्ष भारतीय ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक्सटाइल और खाद्य उत्पादों के आयात में रुचि दिखा रहा है, ताकि व्यापार संतुलन सुधरे। रक्षा मोर्चे पर भी कई संवेदनशील चर्चाएँ एजेंडे में हैं–लंबित स्-400 मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति, भविष्य में स्ह्व-57 स्टेल्थ फाइटर जैसे अत्याधुनिक प्लेटफॉर्म पर सहयोग की संभावनाएँ और संयुक्त उत्पादन व स्पेयर सप्लाई की विश्वसनीयता जैसे मुद्दे प्रमुख हैं। साथ ही परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के संकेत दिए जा रहे हैं। यह सब उस पृष्ठभूमि में हो रहा है जब अमेरिका खुले तौर पर भारत के रूसी तेल आयात और हथियार सौदों पर आपत्ति जता चुका है और हाल के दिनों में भारतीय निर्यात पर दंडात्मक शुल्क लगाकर दबाव भी बढ़ाया है। यहीं से भारत की विदेश नीति के सामने असली चुनौती खड़ी होती है। एक ओर 'रणनीतिक स्वायत्तता' की पुरानी नीति है, जो न नेहरू के गुटनिरपेक्ष आंदोलन के दौर में खत्म हुई, न आज क्वाड की सदस्यता के बावजूद; दूसरी ओर 21वीं सदी के जटिल आर्थिक पारस्परिक निर्भरता और तकनीकी गठबंधनों की वास्तविकताएँ हैं, जहाँ अमेरिका और यूरोप भारत के लिए सबसे बड़े निवेशक, टेक्नोलॉजी पार्टनर और निर्यात बाजार हैं। पुतिन की मेज़बानी करते हुए भारत को बार-बार यह संदेश भी देना पड़ता है कि वह यूक्रेन युद्ध में किसी पक्ष का साथ नहीं दे रहा, बल्कि संवाद और कूटनीति के ज़रिए समाधान चाहता है–यह बात प्रधानमंत्री मोदी इस शिखर वार्ता में फिर दोहरा सकते हैं।*

## सम्पादकीय

## सड़क से लेकर संसद तक संचार साथी के विरोध की गूंज




सरकार ने हाल में आदेश दिया कि स्मार्टफोन में साइबर सुरक्षा एप 'संचार साथी' को पहले से ही अनिवार्य रूप से 'इंस्टाल'करना होगा। साथ ही मौजूदा मोबाइल फोन पर अद्यतन के माध्यम से इसे लगाने का निर्देश दिया गया। इससे एक नया विवाद पैदा हो गया। विपक्षी दलों समेत सामाजिक कार्यकर्ताओं ने यह तर्क देकर इसका विरोध किया कि यह आदेश मोबाइल उपयोगकर्ताओं की निजता के अधिकार का उल्लंघन है। आशंका जताई गई कि इस एप के इस्तेमाल से लोगों की गतिविधियों की निगरानी की जा सकती है। सड़क से लेकर संसद तक इस विरोध की गूंज सुनाई देने पर सरकार ने बुधवार को अपना आदेश वापस ले लिया। सवाल है कि सरकार को 'संचार साथी' एप की सुविधा स्मार्टफोन में पहले से देने की अनिवार्यता क्यों महसूस हुई? अगर इसका उद्देश्य लोगों को साइबर धोखाधड़ी से बचाना है, तो क्या इस सुविधा को ऐच्छिक तौर पर लागू नहीं किया जा सकता था? लोगों को अपने मोबाइल में कौन सा एप रखना है और कौन सा नहीं, इसका निर्णय अगर सरकार करने लगे, तो आशंकाएं पैदा होना स्वाभाविक है। इसमें दोराय नहीं है कि तेजी से डिजिटल होती दुनिया में साइबर धोखाधड़ी और इससे जुड़े अन्य अपराधों का दायरा बढ़ता जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले वर्ष 22.68 लाख नागरिक साइबर अपराध का शिकार हुए, जिन्होंने करोड़ों रुपए की अपनी खून-पसीने की कमाई गंवा दी। पिछले दिनों सर्वोच्च न्यायालय ने भी साइबर फर्जीवाड़े से जुड़ी 'डिजिटल अरेस्ट' की बढ़ती वारदातों पर चिंता जताते हुए कहा था कि सरकार को इस तरह के अपराध से निपटने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए। ऐसे में सरकार अगर इस दिशा में कोई ठोस उपाय करती है, तो उसका स्वागत किया जाना चाहिए। मगर, इसमें लोगों की निजता का पहलू भी महत्त्वपूर्ण है। क्या अपराध या जोखिम से बचाव के लिए किसी ऐसे औजार का इस्तेमाल अनिवार्य किया जा सकता है, जो लोगों में नई तरह की असुरक्षा को लेकर आशंकाएं पैदा कर दें? वैसे भी 'संचार साथी' पहले से ही इंटरनेट पर 'सर्च इंजन' पर मौजूद है और सरकार इसे अनिवार्य रूप से इस्तेमाल में लाने के बजाय लोगों को इसे अपने स्मार्ट फोन में लगाने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है। हालांकि, सरकार की ओर से स्पष्ट किया गया कि मोबाइल उपयोगकर्ता के पास 'संचार साथी' एप को हटाने का विकल्प मौजूद रहेगा। मगर, विपक्षी दलों का तर्क था कि सरकार के आदेश में कहा गया है कि इस एप को इस तरह लगाया जाए कि इसे न तो हटाया और न ही प्रतिबंधित या अक्षम किया जा सके। बहरहाल, सरकार ने तमाम आशंकाओं और विरोध के बीच अनिवार्यता के अपने आदेश को वापस ले लिया है और साथ ही इस बात को दोहराया है कि इसका उद्देश्य केवल लोगों को साइबर धोखाधड़ी और मोबाइल चोरी जैसी घटनाओं से बचाना था। चूंकि, इस तरह की वारदातें लगातार बढ़ रही हैं, इसलिए यह भी जरूरी है कि कम जागरूक नागरिकों के पास सुरक्षा के विकल्प होने चाहिए, लेकिन इनकी विश्वसनीयता तभी होती है, जब ये ऐच्छिक हों। इस बीच यह खबर भी आई कि मंगलवार को छह लाख नागरिकों ने 'संचार साथी' एप डाउनलोड करने के लिए पंजीकरण कराया है। इससे साफ है कि किसी तरह की अनिवार्यता लागू करने की बजाय लोगों को इस संबंध में व्यापक रूप से जागरूक करने की जरूरत है।

## सदाबहार मित्र के साथ शिखर वार्ता



आज से दो दिवसीय भारत-रूस शिखर सम्मेलन आरंभ होने जा रहा है। इसमें अन्य अनेक मुद्दों के साथ ही रक्षा सहयोग पर गहन चर्चा की उम्मीद है। इस दौरान दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों के बीच भी बैठक होगी। दोनों रक्षा मंत्रियों के बीच यह इस साल की दूसरी बैठक है। इस दौरान कई समझौतों पर मंथन होगा। समझौतों के लिए वार्ता के इस क्रम में सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली एस-400, पांचवीं पीढ़ी के सुखोई विमानों की खरीद और विभिन्न रक्षा उपकरणों के साझा उत्पादन जैसे प्रमुख पहलू शामिल होंगे। शीत युद्ध के दौर से ही रूस भारत का सबसे प्रमुख रक्षा साझेदार बनकर उभरा है, जिसने समय-समय पर भारत को प्रमुख हथियारों की आपूर्ति अनवरत बनाए रखी। प्रगाढ़ होते द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को कई पहलुओं ने प्रेरित किया है। मास्को ने नई दिल्ली के साथ सैन्य तकनीक साझा करने और भारत में निर्माण की मंशा से 1962 में मिग-21 के उत्पादन की दिशा में पहल की थी। उसी दौर में अमेरिका सैन्य साजोसामान की आपूर्ति पर प्रतिबंध लगाने में लगा हुआ था। अमेरिका द्वारा 1965 में लगाए गए ऐसे प्रतिबंधों के उलट पूर्ववर्ती सोवियत संघ ने 1967 में भारतीय वायु सेना को सुखोई-7 बमवर्षक विमानों की आपूर्ति करके उसे सशक्त बनाया। ये विमान प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के पास उस समय उपलब्ध विमानों की तुलना में कहीं अधिक उन्नत थे। उसके अगले दशक में सोवियत संघ ने रक्षा विविधीकरण से जुड़ी भारत की संवेदनशीलता एवं आवश्यकताओं को समझते हुए उसे उन्नत हथियारों एवं तकनीक से लैस करने के प्रयास तेज किए। इनमें टैंक, लड़ाकू विमानों, मिसाइल की आपूर्ति के साथ ही युद्धपोतों को उन्नत बनाया गया। दोनों देशों के बीच विश्वास का ऐसा भाव बढ़ा कि सोवियत संघ ने 1987 में भारत को परमाणु संचालित पनडुब्बी भी लीज पर दी। इसके बाद एक ऐसा समय आया कि सोवियत संघ स्वयं आंतरिक उथल-पुथल से ग्रस्त हुआ और उसका स्वाभाविक असर भारत के साथ रक्षा सहयोग पर भी पड़ा। हालांकि इस सदी के पहले दशक में नवीन स्वरूप में रूस ने इस साझेदारी को नए सिरे से आगे बढ़ाना शुरू किया। इस अवधि में रूस द्वारा उपलब्ध कराए गए हथियारों और उपकरणों में विमान, हेलीकाप्टर, युद्धक टैंक, मिसाइलें, फ्रिगेट और पनडुब्बियां शामिल थीं। रूस ने एक नई परमाणु संचालित पनडुब्बी लीज पर देने के अलावा विमान वाहक पोत के स्तर पर भी सहयोग किया। दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों की मजबूती का आकलन इसी से किया जा सकता है कि तमाम आवश्यकताओं के लिए भारत आज भी रूसी प्लेटफार्म की ओर देखता है। टी-72 और टी-90 जैसे युद्धक टैंक भारतीय सेना के टैंक बेड़े की बुनियाद बने हुए हुए हैं। इसी तरह सुखोई एसयू-30 विमान को भारतीय वायु सेना की रीढ़ माना जाता है। ब्रह्मोस मिसाइल को अगर दोनों देशों के सामरिक सहयोग एवं संयुक्त उत्पादन क्षमताओं का शिखर कह दिया जाए तो कहीं गलत नहीं होगा। इस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ने आपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान पर ऐसा कहर बरपाया कि दुनिया के तमाम देश इसे खरीदने की कतार लगाए हुए हैं। ब्रह्मोस को और उन्नत एवं मारक बनाने की प्रक्रिया भी प्रगति पर है। भारत-रूस रक्षा साझेदारी की निरंतरता एवं स्थायित्व में कोई आश्चर्य की बात नहीं है। यह साझेदारी हर कसौटी पर खरी उतरी है। इसमें कभी गतिरोध या अविश्वास का भाव नहीं रहा। यही कारण है कि दूसरे देशों से रक्षा खरीद के साथ ही आज भी भारत के लिए रूसी सैन्य उपकरणों के लिए रखरखाव और पुर्जों की आवश्यकता बनी हुई है। अच्छी बात है कि भारत अब टैंकों और लड़ाकू विमानों के लिए नए इंजनों को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। रूस द्वारा नए इंजनों के विकास से भारत को भी अपना बेड़ा उन्नत बनाने का अवसर मिल रहा है। मास्को द्वारा सुखोई एसयू-30एमकेआइ बेड़े के लिए उन्नत एएल-41 इंजनों कोई भी साझेदारी परस्पर हितों को सम्मान देने पर ही समृद्ध होती है और इस मामले में मास्को ने कभी निराश नहीं किया। तकनीकी हस्तांतरण और स्थानीय उत्पादन के भारत के आग्रह को समझते हुए रूस की प्रतिक्रिया बहुत सकारात्मक रही है। सुखोई एसयू-57 विमानों के हालिया सौदे में इसके संकेत भी मिले हैं। सामुद्रिक मोर्चे पर भारत की सामरिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए आधुनिक पोत बनाने के लिए गैस टरबाइन जैसे प्रमुख घटक की आपूर्ति को लेकर भी रूस ने प्रभावी समाधान निकालने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। आपरेशन सिंदूर के दौरान एस-400 प्रणाली कितनी उपयोगी साबित हुई, उसे फिर से बताने की आवश्यकता नहीं। रूस की इस कारगर हथियार प्रणाली की महत्ता को समझते हुए ही भारत ने इसका बेड़ा बढ़ाने का फैसला किया है। करीब 120, 200, 250 और 380 किलोमीटर मारक क्षमताओं वाली एस-400 खरीदने से जुड़े अनुबंध पर चर्चा जारी है। चूंकि यह वार्ता अभी आरंभिक चरण में है, इसलिए उसमें कुछ समय लग सकता है।

## भारत-रूस की दोस्ती

**जैसे अमेरिका की यह चाहत है कि भारत रूस से तेल खरीद बंद कर दे, वैसे ही यूरोपीय देश भी यह चाहते हैं कि भारत रूस से दूरी बनाकर रखे। कुछ यूरोपीय देशों ने तो भारत को रूस की निकटता से आगाह भी किया है। यह बात और है कि वे स्वयं रूस से ऊर्जा की आपूर्ति कर रहे हैं। यह तो तय है कि भारत रूस से अपने संबंधों को आगे बढ़ाने के क्रम में अमेरिका और यूरोपीय देशों की चिंताओं की अधिक परवाह नहीं करने वाला, लेकिन इस तथ्य की अनदेखी भी नहीं की जा सकती कि उसे अमेरिका के दबाव...**



रूसी राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा के संभावित नतीजों का आकलन करना भले ही कठिन हो, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं कि उनकी इस यात्रा पर सारी दुनिया की निगाह होगी। सबसे अधिक निगाह अमेरिका और यूरोपीय देशों की होगी। निःसंदेह रूसी राष्ट्रपति की भारत यात्रा पर चीन भी नजर रखेगा, क्योंकि यूक्रेन युद्ध के चलते रूस की उस पर निर्भरता बढ़ गई है। रूसी राष्ट्रपति एक ऐसे समय भारत आ रहे हैं, जब अमेरिका यूक्रेन युद्ध खत्म कराने के लिए हाथ-पैर मार रहा है। इसके लिए वह रूस के साथ-साथ भारत पर भी दबाव बना रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारतीय आयात पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ इसीलिए थोप रखा है कि भारत रूस से तेल खरीद रहा है। जैसे अमेरिका की यह चाहत है कि भारत रूस से तेल खरीद बंद कर दे, वैसे ही यूरोपीय देश भी यह चाहते हैं कि भारत रूस से दूरी बनाकर रखे। कुछ यूरोपीय देशों ने तो भारत को रूस की निकटता से आगाह भी किया है। यह बात और है कि वे स्वयं रूस से ऊर्जा की आपूर्ति कर रहे हैं। यह तो तय है कि भारत रूस से अपने संबंधों को आगे बढ़ाने के क्रम में अमेरिका और यूरोपीय देशों की चिंताओं की अधिक परवाह नहीं करने वाला, लेकिन इस तथ्य की अनदेखी भी नहीं की जा सकती कि उसे अमेरिका के दबाव में रूस से तेल खरीद में कटौती करनी पड़ी है। स्पष्ट है कि भारत और रूस, दोनों के ही सामने यह चुनौती है कि तेल खरीद के मामले में अमेरिका के अनुचित दबाव का प्रतिकार कैसे किया जाए। भारत को यह प्रतिकार करते समय इसका ध्यान रखना होगा कि इससे अमेरिका के साथ होने वाले व्यापार समझौते में कोई बाधा न खड़ी होने पाए। चूंकि रूसी राष्ट्रपति अपने कई मंत्रियों के साथ भारत आ रहे हैं और वे दो दिन प्रवास करेंगे, इसलिए यह तो स्पष्ट है कि दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में बड़े समझौते होने वाले हैं। ये समझौते दोनों देशों को और निकट लाने का काम करेंगे, लेकिन भारत को एक ओर जहां यह ध्यान रखना होगा कि वह अपनी रक्षा जरूरतों पर एक सीमा से अधिक रूस पर निर्भर न होने पाए, वहीं दूसरी ओर उसे उसके साथ अपने व्यापार घाटे में कमी लाने के उपाय भी करने होंगे। यह ठीक है कि दोनों देश आपसी व्यापार को सौ अरब डालर तक ले जाना चाहते हैं, लेकिन यह ठीक नहीं कि भारत का रूस से आयात लगभग 65 अरब डालर का है, जबकि उसे निर्यात पांच अरब डालर ही है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि भारत ऐसी वस्तुओं का निर्माण करने में सक्षम नहीं, जिनकी रूस को जरूरत है। वास्तव में यह भारत की एक बड़ी कमजोरी है कि उसके पास ऐसे उत्पाद नहीं, जिनके बगैर दूसरे देशों का काम न चल सके। भारत को अपनी इस कमजोरी को प्राथमिकता के आधार पर दूर करना होगा।

## जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक एवं दायित्व ग्रहण समारोह

### दिनांक 6/12/25/समय 10-30 स्थान हिना रिजॉर्ट सैंपऊ रोड धौलपुर

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा दिनांक 14 दिसंबर 2025 को दिल्ली के रामलीला मैदान में 'वोट चोर '- गद्दी छोड़ की महा रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसी के मद्देनज़र, 6 दिसंबर 2025 को समय प्रातः 10:30 बजे स्थान हिना रिजॉर्ट सैंपऊ रोड धौलपुर पर अति आवश्यक बैठक रखी गई है। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन अभियान के तहत नियुक्त धौलपुर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विधायक संजय कुमार जाटव दायित्व ग्रहण करेंगे और दिल्ली में आयोजित महारैली की तैयारियों, SIR प्रक्रिया, संगठनात्मक मजबूती और व्यापक जनसंपर्क अभियान पर विस्तृत चर्चा एवं आगामी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन, जन भागीदारी बढ़ाने और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रणनीति तैयार करना बैठक में जिसमें जिले के निवासरत प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, सदस्य गण, एआईसीसी के सदस्य गण, सांसद, प्रत्याशी, जिला प्रभारी, विधानसभा समन्वयक,पीसीसी पदाधिकारी, विधायक, प्रत्याशी, अग्रिम संगठन के पदाधिकारी गण, प्रधान, उप प्रधान,नगर निकाय चेयरमैन, वाइस चेयरमैन, ब्लॉक अध्यक्ष , नगर अध्यक्ष , पार्षद गण, मंडल अध्यक्ष गण, सरपंच गण, बूथ स्तरीय कार्यकर्ता,और सभी कांग्रेस के जन प्रतिनिधीगण ,पदाधिकारी गण मोजूद रहेंगे धनेश जैन संगठन महासचिव धौलपुर।

## पूर्णिमा पर श्री राम गौशाला में अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित

### भामाशाहो ने पति-पत्नी के साथ किया गौ पूजन:गाय को गुड-हरा चारा खिलाया,गौ सेवा और भक्ति का संदेश

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस.)।** सुमेरपुर के कोलीवाडा में स्थित श्री राम गौशाला प्रांगण में पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुवार को अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें उपखंड क्षेत्र की श्री राम सेवा समिति गौशाला में भामाशाहो के हाथों से धार्मिक उत्साह के साथ गौ पूजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने गौ माता और बछड़ों की विधिवत पूजा-अर्चना की, उन्हें गुड़ और हरा चारा खिलाया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।



इस अवसर पर श्रीराम गोशाला, कोलीवाडा में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन गौशाला में बड़ी संख्या में गोशाला सदस्य,और श्रद्धालु व महिलाएं उपस्थित रहीं। इस आयोजन को लेकर श्रीराम गौशाला कोलीवाडा के अध्यक्ष धीरज सांखला ने बताया कि पूर्णिमा के दिन गौ माता की विशेष पूजा की गई । इस अवसर पर भामाशाह रविंद्र सिंह खींची,थाना अधिकारी,नरेश कुमार गहलोत, नटवर नागर, देवाराम सोलंकी परिवार द्वारा गायों की सेवा में गुड और हरा चारा खिलाकर आमजन को संदेश दिया। उन्होंने बताया कि मौजूद सभी भामाशाहों ने गौशाला का भ्रमण किया और विजिट रजिस्टर में अपनी बातों को साझा किया। उन्होंने कहा कि सभी भामाशाहों ने 4 दिसंबर गुरुवार को गौशाला का भ्रमण किया गया। जिसमें गौशाला परिसर में साफ सफाई तथा गोवंश की देखभाल की व्यवस्था अति उत्तम पाई गई। व्यवस्थापक एवं पत्रकार पुखराज कुमावत ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से महिलाओं का सहयोग रहा उन्होंने मंगल गीत गाते हुए गौ माता की आरती उतारी और तिलक लगाया। उसके बाद उन्होंने सामूहिक रूप से गौ माता की परिक्रमा भी लगाई। कार्यक्रम में डायालाल गवारिया, मोहनदास वैष्णव, गणपत लाल सोनी, सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस धार्मिक कार्यक्रम में थाना अधिकारी रविंद्र सिंह खींची ने कहा, 'कि पूर्णिमा का यह पर्व गौ सेवा और भक्ति का प्रतीक है। गौमाता की सेवा से समाज में सद्भाव और समृद्धि बढ़ती है। 'सभी को मिलकर गौ माता की सेवा करनी चाहिए। गौ माता की सेवा करने से कई लाभ प्राप्त होते है। कार्यक्रम के पश्चात सेवा समिति के अध्यक्ष धीरज सांखला,कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पुरोहित, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवलाल परिहार, नंदू भाई,अमर सिंह देवड़ा ने दुपट्टा पहनाकर सभी दानदाताओं का स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेट कर बधाई दी।

## सांवलिया सेठ मंदिर का दो दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आज से होगा शुभारंभ

### गौरव राजपुरोहित, अंकित डालुका ने बनवाया कुचामन शहर का पहला सांवलिया सेठ का मंदिर

जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निस.)** आसपुरा में सांवलिया सेठ मंदिर बनकर तैयार हो चुका हे श्रीकृष्णा गौशाला आसपुरा में भामाशाह राजपुरोहित एवं डालुका परिवार द्वारा सांवलिया सेठ का शानदार मन्दिर बनवाया गया है। मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव5 एवं6 दिसम्बर को होगी। जानकारी के अनुसार देवीलाल किरण कंवर राजपुरोहित एवं पवनकुमार पार्वतीदेवी डालुका द्वारा गौशाला मेंसांवलिया सेठ का मन्दिर बनवाया गया है। गौरव राजप्रोहित एवं पार्षद औंकित डालुका की देखरेखमें निर्मित इस मन्दिर में दक्षिण भारत के खमम पत्थर से मूर्ति बनाई गई है। मंडफिया धाम की तर्ज पर ही मुति पर हिरे की जड़ाई करवाई गई है।उलेखनीय है गौरव एवं औंकित बचपन के मित्र तथा बिजनेस पार्टनर हैं। मंडफिया धाम स्थित सांवलिया सेठ में उनकी गहरी आस्था है समय-समय पर वे वहां दर्शनार्थ जाते हैं।



**प्राण प्रतिष्ठा का दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम होगा**

सांवलिया सेठ मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 5 एवं 6 दिसम्बर को होंगे। इस क्रम में 5 दिसम्बरको मध्याह्न 12.15 बजे पूजन प्रारम्भ होगा। मध्याह्न 2.15 बजे हवन : अगले दिन 6 दिसम्बर को प्रात 9.15 बजे कलश यात्रा शरुहोगी, जो मोतीरामजीकोठी से शुरु होकर मुख्य-मुख् मार्गो से होते हुए श्री कृष्णा गोशाला आस्पुरा पहुंचेगी। मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा करकलश यत्रा का स्वागतकिया जाएगा।पूर्णाहुति एवं प्राण प्रतिष्ठा के बाद मध्याहद 1.15 बजेसे सत्संग एवं महाप्रसादी होगी।

**कई संतों का होगा सम्मान**

धार्मिक कार्यक्रम में संत समागम भी होगा बड़ी संख्या में संत-महन्त कार्यक्रम में उपस्थित होकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देंगे। कार्यक्रम केलिए बल्डा बालाजी धाम के संत सीतारामदासमहाराज को भी आमन्त्रित किया गया है।

# पंच गौरव योजना में शामिल धौलपुर जिला

### आलू की खेती के लिये अनुकूल है धौलपुर की मिट्टी

**धौलपुर(निस.)** राजस्थान ने जिले में आलू को पंच गौरव योजना में शामिल किया है। आलू के अनुकूल जलवायु होने से यहां पुखराज, कुफरी सहित कई लोकप्रिय किस्म पैदा की जा रही है। इसमें सफेद आलू की चिप्स कंपनियों में डिमांड है। हर साल आलू की फसल का रकबा बढ़ रहा है। इस साल भी जिले में 8 हजार हैक्टेयर में आलू को बुबाई का लक्ष्य है। जो गत वर्ष से करीब पांच सौ हैक्टेयर अधिक है। जिले के आलू को स्थानीय स्तर पर ही नहीं बाहर भी पसंद किया जा रहा है। अब जिले के किसानों के लिए अनुदान पर कोल्ड स्टोरेज बनेंगे। जिसमें पंच गौरव योजना में शामिल धौलपुर के आलू की फसल को ज्यादा फायदा होगा।



जिले में आलू की बंपर पैदावार पिछले पांच साल में देखी जा रही है। इससे सालभर किसानों को आलू सहित अन्य फल सब्जी को बचाने के लिए उद्यान विभाग ने कोल्ड चेन इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रोसेसिंग यूनिट्स पर अनुदान योजनाएं शुरू की हैं। मकसद, किसानों को नुकसान से बचाना है। तुड़ाई व खुदाई के बाद उचित प्रबंधन नहीं होने से 15 से 25 प्रतिशत तक फल-सब्जियां खराब हो जाते हैं। फसलों के ज्यादा उत्पादन के समय इन्हें कोल्ड स्टोरेज में रखकर खराब होने से बचाया जा सकेगा। राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के तहत राज्य सरकार कृषक, कृषक समूह या उद्यमी को 35 से 50 प्रतिशत तक अनुदान देगी। अनुसूचित क्षेत्रों के लिए सभी कंपोनेंट पर लागत का 50 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। जिले के किसानों को इसमें 50 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। इस योजना में सबसे ज्यादा कोल्ड स्टोरेज के लिए 4.8 करोड़ रुपए तक अनुदान दिया जा रहा है।

किसान प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाकर स्थानीय कार्यालय में देंगे। उसके आधार पर मुख्यालय से अनुदान मिलेगा। राज्य सरकार ने धौलपुर में आलू को पंच गौरव योजना में लिया है। अब बात होगी कि योजना में क्या होगा तो योजना के तहत किसानों के सशक्तीकरण के लिए विशेष प्रशिक्षण, आधुनिक कृषि तकनीक, जैविक खेती, जल संरक्षण विधियों और प्रसंस्करण उद्योग से जुड़ी जानकारी, स्वयं सहायता समूह और महिला उद्यमियों को विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा।

धौलपुर का सफेद आलू कंपनियां चिप्स बनाने के लिए किसानों से खरीदती है। पंच गौरव योजना में 5 करोड़ रुपए 5 साल में व्यय किए जाएंगे। इसमें किसानों को फसल का प्रदर्शन, प्रशिक्षण, जल प्रबंधन एवं प्रसंस्करण इकाई स्थापित कराना शामिल है। 'धौलपुर जिले में आलू लगभग 7 से 8 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में बोया जाता है। किसान या उद्यमी आलू भंडारण के लिए कोल्ड स्टोर स्थापित करना चाहें तो उनके लिए अपार संभावनाएं हैं। उपज के लिए भंडारण की सुविधा मिल सकेगी और उद्यमियों को भी आर्थिक स्थिति सुधारने का अवसर मिलेगा। स्थानीय मजदूरों को रोजगार भी मिलेगा। उद्यान विभाग द्वारा कोल्ड स्टोरेज, कोल्ड चैन, पैक हाउस फ्रूट राइपिंनिग चैम्बर इत्यादि विभिन्न योजनाओं में अनुदान दिया जा रहा है। वर्ष कुल हेक्टेयर उत्पादन 2024 7500 11.25 लाख क्विंटल (विभागीय अधिकारियों के अनुसार प्रति हेक्टेयर 150 से 200 क्विंटल उत्पदन) धौलपुर के आलू की मेट्रो सिटी तक सप्लाई- यहां का आलू मुंबई, चेन्नई, मुंबई, हैदराबाद, सूरत कोलकाता तक सप्लाई हो रहा है। आलू के भाव अच्छे मिलने के कारण किसान अन्य फसलों के बजाए अब आलू की खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं। चूंकि यहां पैदा आलू के भाव यूपी के मुकाबले सस्ते रहते हैं। इसलिए बाहर की मंडियों में धौलपुर के आलू की मांग बढ़ रही है।

## इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी ने विद्यार्थियों को वितरित किए स्वेटर

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा चूरू द्वारा गांव पोटी में स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। चूरू रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वाधान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पोटी में 107 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटरों का वितरण किया गया। स्वर्गीय सेठ मुरारी लाल सराफ की पुण्य स्मृति में पुत्र भरत सराफ के सौजन्य से सोसायटी के श्यामसुंदर शर्मा, रघुनंदन शर्मा सचिव एवं जगदीश प्रसाद शर्मा के कर कमलों से स्वेटरों का वितरण किया गया। शिक्षा विभाग के सीडीओ कार्यालय के एडीओ बृजेंद्र दाधीच की अध्यक्षता में श्यामसुंदर शर्मा ने रेड क्रॉस सोसाइटी का परिचय दिया साथ ही इस विद्यालय में आगामी सत्र 2026-27 में छात्र संख्या 250 होने पर समस्त विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरण करने की घोषणा की। समिति के सचिव रघुनंदन शर्मा ने कार्यों की जानकारी दी। समिति के कार्यक्रम संयोजक जगदीश प्रसाद शर्मा ने इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित सुविधाओं से अवगत कराया। ग्रामवासी महावीर प्रसाद पूनिया, नरेंद्र सिंह राठौड, सांवरमल जांगिड़, मुमताज खान, सुभान खान, अनिल शर्मा आदि ने विद्यालय में छात्र संख्या बढ़ाने का संकल्प लिया। वरिष्ठ अध्यापक हंसराज सांवा ने अतिथियों का शब्दाभिव्यक्ति से स्वागत किया। छात्र-छात्राओं ने शानदार संस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। व्याख्याता डिंपल स्वामी और वसीम खान, नसीम बानो, संजू सरावग, जाकिर खान और सुरेश कुमार, विकास कुमार चाहर ने अतिथियों का उपरना ओढ़ाकर अभिनंदन किया। अध्यापिका रुक्मणी व संतोष ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां करवाई। संस्था प्राचार्य सुलोचना सिहाग ने रेडक्रास सोसायटी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रभुदयाल सिंगोदिया ने किया।



## थानाधिकारी रामनारायण चोयल ने विद्यार्थियों को खेल अनुशासन और प्रतियोगी भावना का महत्व बताया

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** आदर्श विद्या मंदिर, मंडावा की एनुअल स्पोर्ट्स मीट 2025-26 का उद्घाटन समारोह गुरुवार को अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मण्डावा थानाधिकारी रामनारायण चोयल, डॉ. हनुमान सिंह शेखावत, महेश चन्द्र तेतरवाल, हरिशंकर राहड़ आदि मंचासीन अतिथि थे । दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद निदेशक अभिषेक तेतरवाल द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने छात्रों के समग्र विकास में खेलों के महत्व को रेखांकित किया। ध्वजारोहण के पश्चात एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा आकर्षक एवं अनुशासित मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। पूरे कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता गोविन्द सोनी द्वारा सुचारु एवं प्रभावी रूप से किया गया। तत्पश्चात डॉ. हनुमान सिंह शेखावत ने छात्रों को खेल शपथ दिलाई और अपने प्रेरक उद्बोधन में ईमानदारी, अनुशासन और खेल भावना के साथ भाग लेने हेतु प्रेरित किया। इसके बाद आयोजित मशाल दौड़ ने पूरे मैदान में जोश और उत्साह का संचार कर दिया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में ब्लू हाउस डांस, बटरफ्लाई डांस, साड़ी ड्रिल, जुम्बा एरोबिक्स, येलो हाउस डांस, पैराशूट ड्रिल तथा मयंक सहारण द्वारा प्रस्तुत राजस्थानी लोक कला नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों डॉ. हनुमान सिंह शेखावत एवं थानाधिकारी रामनारायण चोयल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए खेल अनुशासन और प्रतियोगी भावना की महत्ता पर प्रकाश डाला। प्राचार्य, सीबीएसई विंग मुकेश कुमार स्वामी बताया कि यह स्पोर्ट्स मीट तीन दिवसीय आयोजित की जा रही है, जिसका समापन 06 दिसम्बर 2025 को किया जाएगा। प्रथम दिवस में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें 50 मी., 100 मी., 200 मी. एवं रिले रेस, वन लेग रेस, ट्विन रेस, लॉन्ग जंप और ऑब्स्टेकल रेस शामिल थीं। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर उत्कृष्ट कौशल, ऊर्जा एवं टीम भावना का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर बलवीर सिंह शेखावत, शारीरिक शिक्षक हरलाल सिंह तेतरवाल, पूनम शर्मा, संजू स्वामी, मनीषा चौधरी सहित स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहें।



## शतरंज सिखाता है कि हर स्थिति में संयम बनाए रखना ही असली विजय है

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** मण्डावा कस्बे में तोलासरिया परिवार की ओर से स्व0 सेठ चिरंजीलाल तोलासरिया की पुण्य स्मृति में चल रही 8 वीं शतरंज प्रतियोगिता का समापन समारोह गुरुवार को हुआ । इस आयोजन में करीब 50 शतरंज के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार दिया। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं, बल्कि विचार, धैर्य और रणनीति की साधना है। आपकी हर चाल यह साबित करती है कि सफलता ताकत से नहीं, सोच से जीती जाती है। शतरंज हमें सिखाता है कि हर स्थिति में संयम और एकाग्रता बनाए रखना ही असली विजय है। कभी आप जीतते हैं, कभी सीखते हैं पर हारते कभी नहीं। आपकी मेहनत, समर्पण और एक-एक चाल में आपकी प्रतिभा झलकती है। आज आप सभी खिलाड़ी सिर्फ मोहरों के नहीं, अपने सपनों के भी महान योद्धा हैं। याद रखें, जब आप सोच-समझकर आगे बढ़ते हैं, तो भविष्य की हर बाज़ी आपकी होती है। प्रायोजक एडवोकेट आदित्य तोलासारिया ने सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । जीत की हैट्रिक बनाने वाले खेतड़ी के खेतड़ी के सत्यप्रकाश शर्मा लगातार तीसरी यह खिताब जीता है । द्वितीय स्थान पर सीकर के उम्मीद सिंह रहें व तृतीय स्थान पर मंडावा के कैलाश सैनी रहे । अतिथियों ने विजेताओं को क्रमशः 5100, 3100 व 2100 रूपए नगद राशि एवं प्रशस्ति पत्र और प्रतिक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इसके अलावा एक उभरते हुए खिलाड़ी देवांश शाह को 1100 रूपये व प्रमाण पत्र मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम में विजय शंकर तोलासरिया, शिक्षाविद्व भगवानसिंह पूनिया मेहरदासी,अजय कुमार तोलासरिया, सत्यनारायण भीमसरिया, रविशंकर तोलासरिया आदि मंचासीन अतिथि थे मंच का संचालन बजरंग टोडरवास ने किया। प्रायोजक सुशीलकुमार, अरुण कुमार, मुकेश कुमार तोलासरिया आदि ने आगन्तुक मेहमानों का स्वागत किया । कार्यक्रम में प्रोपर्टी डीलर दिनेश देवड़ा, जेपी गोयनका, केशरदेव टेलर, पंकज शर्मा,बनवारी गाड़ोदिया ,श्रवण ,रोहिताश टेलर ,विजय बिजारणियां,नरेश खेमानी ,मनोज ढाका, सतार सब्जिफ्रोश उर्फ बाबा,राकेश ,दयानंद यादव ,अशोक टेलर ,महेश टेलर, तोलाराम सोनी , रविशंकर,अभिनव,अमन , हर्ष,सहित अनेक गण मान्य लोगों उपस्थित रहे । अंत में सीए विकसित तोलासरिया व एडवोकेट आदित्य तोलासरिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।



## सामूहिक विवाह से समय और धन की बचत के साथ समरूपता की भावना जागृत होती है -डा.अर्चना जायसवाल

जयपुर टाइम्स

**प्रयागराज(निस.)।** वर्तमान में सामूहिक विवाह समारोह की महत्ता अधिक बढ़ रही है। धन, समय की बचत तो होती है साथ समरूपता की भावना भी जागृत होती है। उक्त कथन राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ राष्ट्रीय संयोजक डा अर्चना जायसवाल ने प्रयागराज में 3 दिसंबर को सामूहिक विवाह समारोह में वर -वधू को आर्शीवाद देते हुए नव दंपत्ति के सुखद और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जानकारी मप्र युवा अध्यक्ष सुशील शिवहरे ने बताया कि 3 दिसंबर को सामूहिक विवाह समारोह जिसके आयोजक अधिवक्ता टीएन जायसवाल द्वारा आयोजित हुआ जिसमें 9 जोड़ों ने सात जन्मों तक साथ निभाने की कसम खायी। जायसवाल समाज धर्मशाला कटघर में आयोजित इस समारोह में अनेक प्रदेशों से समाजजनों ने नव दंपत्ति को आर्शीवाद दिया। दोपहर को नगर के विभिन्न मार्गो से भव्य बारात स्थानीय केपी कालेज से प्रारंभ हुई जिसका जगह जगह भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत सत्कार किया गया। बारातियों जिसमें डा. अर्चना जायसवाल, शिवचरण हांडा जयपुर, राकेश राय सीहोर, राजेश राय उज्जैन, सुशील शिवहरे, जुगल किशोर राय, हृदेश राय, गिरिजा शंकर राय, विश्वनाथ कलवार, मधुबाला कलवार, धनेंद्र धुवारे, ब्रजेश कुमार जायसवाल, धर्मेन्द्र जायसवाल, पंकज जायसवाल सहित अनेक समाजजन, स्थानीय स्वजातीय बंधुओं ने जमकर बैण्ड बाजा और डीजे की मधुर ध्वनि पर जमकर डांस किया। जायसवाल समाज धर्मशाला कटघर पर सभी बारातियों का मुख्य द्वार पर स्वागत सत्कार किया। मंच से सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ राष्ट्रीय संयोजक डा अर्चना जायसवाल को समाज सेवा में कार्य करने के लिए कलचुरी समाज अनमोल रत्न से सम्मानित किया गया वहीं मप्र अध्यक्ष राकेश राय सीहोर, राजेश राय उज्जैन, म प्र युवाध्यक्ष सुशील शिवहरे, प्रदेश महासचिव जुगल किशोर राय, राष्ट्रीय वरिष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष एवं भामाशाह शिवचरण हाडा जयपुर को समाजसेवा में कार्य करने के लिए शाल श्रीफल, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। भव्य और ऐतिहासिक आयोजन के सफल आयोजन के लिए मुख्य अतिथि, समस्त अतिथिगणों द्वारा आयोजक अधिवक्ता टीएन जायसवाल का भव्य स्वागत सत्कार किया गया। संचालन युवा कवि सुजित जायसवाल ने किया और आभार वरिष्ठ कवि वृंदावन राय ने माना।



# राजाखेड़ा कस्बे में आये दिन हादसों का न्योता दे रही विद्युत विभाग की लटकती लाइन, कार्रवाई के नाम विद्युत विभाग प्रशासन मौन

### बिजली विभाग पर कार्यशैली को लेकर सवाल।

### आखिरकार विद्युत विभाग की लापरवाही से एक सप्ताह में दो-दो हादसे फिर भी लटकते लाइनों को नहीं कराया दुरस्त, आखिरकार हादसों के जिम्मेदार कौन?

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)** राजाखेड़ा कस्बे के अंदर सड़कों पर विद्युत विभाग की घोर लापरवाही से रोड़ों पर जमीन से 8-10 फीट ऊंची लाइन लटकती हुई दिख रही है जिला प्रमुख कोठी से सीनियर सेकेंडरी विद्यालय राजाखेड़ा सड़क के ऊपर से गुजर हाईटेंशन एवं एंटी लाइन निकली है ।जिसे दो खम्भों में लगे तार नीचे लटकती हुई दिखाई दे रहे हैं जिनके लिए स्थानीय प्रशासन मौन है उसी रास्ते से सैकड़ो छात्र-छात्राएं विद्यालय में अध्ययन करने के लिए उसी रास्ते से निकलती है मगर ततैया तंत्र टीम राजाखेड़ा वसूली पर तो काफी नजर अंदाज देख रही है लेकिन अपनी विवाह की लापरवाहियों के खिलाफ अर्थात दो खाम्भो के बीच लटकते लाइनों को दुरुस्त करने के लिए कोई प्रयास नहीं कर रही है अगर इसी प्रकार से विद्युत विभाग प्रशासन ने लटकती लाइनों पर ध्यान आकर्षित नहीं किया तो आगे भी हादसा होने की संभावना बनी रहती है ग्रामीणों का आरोप–लटकी लाइन की अनदेखी बनी वजह....... राजाखेड़ा कस्बे के वार्ड निवासियों का कहना है कि राजाखेड़ा विद्युत विभाग की लापरवाही से एक सप्ताह के अंदर दो हादसे हुए गांव में जिनके जिम्मेदार कौन है 11 केवी एवं एंटी लाइन काफी समय से खतरनाक रूप से नीचे लटकी हुई थी।कई बार विभाग को शिकायतें की गईं, लेकिन किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं होती है। कॉलोनी निवासियों का आरोप है कि यदि लाइन समय पर दुरुस्त कर दी जाती,तो यह हादसा नहीं होता। इसी रास्ते से नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राएं आए दिन विद्यालय में अध्ययन के लिए जाते हैं तो लटकती हुई लाइन से आशा होने की चिंता बनी रहती है। राजाखेड़ा कस्बे के निवासियों ने बताया कि तेज सिंह का पुरा एवं समोने की यह घटना सिर्फ एक हादसा नहीं, बल्कि लगातार अनदेखा किए जा रहे विद्युत रखरखाव की बड़ी कमी को उजागर करती है। एक सप्ताह में फिर दूसरी बार विद्युत विभाग की घोर लापरवाही आई सामने एक मामूली लापरवाही ने एक महिला की जान ले ली,कई पशुओं को मार दिया,बस को जलाकर खाक कर दिया और रविवार शाम को गेहूं व सरसों के खेत में पानी लेने वाले युवक खंबे में करंट आने से मौत हो गई। विद्युत विभाग की कार्यशैली पर उठे सवाल.........राजाखेड़ा क्षेत्र में विद्युत चोरी रोकने से लेकर राजस्व वसूली तक विभाग कई कार्रवाइयां कर रहा है,लेकिन तेजसिंह का पुरा एवं समौना की यह घटना इस बात पर गंभीर प्रश्नचिन्ह भी लगाती है कि एक सप्ताह में दो दो हादसे अर्थात एक महिला एक युवक की जिंदगी, क्या विभाग रखरखाव और सुरक्षा पर उतना ध्यान दे रहा है?,क्या नियमित निरीक्षण हो रहा है?,आखिर क्यों महीनों से लटकी खतरनाक लाइन की अनदेखी की जा रही है ? यदि सुरक्षा और रखरखाव पर उचित ध्यान दिया जाता,तो शायद यह हादसा न होता।



## शॉर्ट सर्किट से ढाणी में लगी आग, ढ़ाणी में रखा सामान जलकर हुआ राख, किसान को हुआ लाखों का नुक़सान, मुआवजे की मांग



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** क्षेत्र के बधनाऊ दिखनादा गांव में बुधवार देर रात एक किसान की ढाणी में अचानक शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में पूरी ढाणी को अपनी चपेट में ले लिया और लाखों का सामान जलकर राख हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही गांव की बिजली सप्लाई तुरंत बंद करवाई गई। लेकिन तब तक आग काफी फैल चुकी थी। सूचना पर ग्रामीण लोग मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। रात करीब 9 बजे किसान नंदाराम तरड़ के खेत में बनी ढाणी में अचानक बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट हुआ और देखते ही देखते आग फैल गई। आगजनी में किसान को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। ढाणी में रखे 60 हजार रुपए नकद, सोने-चांदी के आभूषण, ग्वार, गेहूं सहित घर का जरूरी सामान जलकर राख हो गया।ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित किसान को तत्काल आर्थिक सहायता एवं उचित मुआवज़ा देने की मांग की हैं।

## किसान सभा भानीपुरा का प्रथम तहसील सम्मेलन 6 दिसंबर को, तैयारियों में जुटी किसान सभा



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** अखिल भारतीय किसान सभा का सांगठनिक सम्मलेन का आगाज किया गया। किसान सभा का राज्य सम्मेलन फरवरी माह में तारानगर में होगा। सरदारशहर उपखंड में भानीपुरा तहसील को अलग तहसील बनाने और पंचायत समिति बनने के बाद अखिल भारतीय किसान सभा की तहसील कार्यकारणी भी भानीपुरा तहसील की अलग बनने जा रही है। तहसील अध्यक्ष भगवानराम जाखड़, मंत्री काशीराम सारण ने बताया कि भानीपुरा तहसील के प्रथम तहसील सम्मेलन 6 दिसंबर को भानीपुरा में किसान सभा कार्यालय में होगा। जिसकी तैयारियां पूर्ण कर ली है। सम्मेलन में श्री डूंगरगढ़ के पूर्व विधायक कॉमरेड गिरधारी महिया, राज्य महामंत्री छगनलाल चौधरी, जिला मंत्री उमराव सिंह समाधित करेंगे। सम्मेलन में नई कार्यकारणी व पदाधिकारियों का चुनाव किया जाएगा। सम्मेलन में किसानों की मांगों को लेकर आंदोलन की रणनीति भी बनाई जाएगी।

## ग्राम गुडावड़ी मे उद्घाटन मुकाबला मैच जसवन्तगढ़ टीम ने जीता



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निसं.)** ग्राम गुडावड़ी मे सात दिवसीय वार्षिक क्रिकेट प्रतियोगिता को आयोजन किया गया। आयोजन समिति के के अध्यक्ष विकास राव और कुसुमपाल राव ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 32 टीम में भाग लेगी। विजेता टीम को 31 हजार रूपये व उपविजेता टीम को 15000 रूपये व ट्रॉफी दी जायेगी। उदघाटन मुकाबला जसवंतगढ टीम और रामनगर टीम के मध्य हुआ। रामनगर टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जसवंतगढ टीम ने पहले उद्घाटन मुकाबला जीता। मुख्य अतिथि गुडावड़ी सरपंच मंजू देवी, राजेश ढुकीया, देवेंद्रपाल चाहर, रमेश राव, एडवोकेट राजेंद्र नेहरा, ओम प्रकाश ढुकीया, रामू राम राव, नारायण महरिया, विधाधर राव, सीआर फगेड़िया, गजानन्द शर्मा ने फीता काटकर क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। कोमेंट्री रामदेव स्वामी ने की। ओमप्रकाश व मुकेश ने अंपायर की भूमिका निभाई।

## भामाशाहों का अस्पताल प्रशासन ने किया सम्मान




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय दुर्गादत फतेहपुरिया मातृ एवं शिशु कल्याण केंद्र में नर्सिंग अधीक्षक बजरंगलाल वर्मा की प्रेरणा से भामाशाह सुरेंद्र गुलेरिया, श्रवण सिंह गुलेरिया ने 2 लाख 5 हजार रूपये की लागत से छत की वाटरप्रूफिंग करवाने का काम किया। इसी प्रकार गर्भवती महिलाओं एवं शिशु मरीजों के लिए दस बैड अतिरिक्त लगाने के लिए प्रसूति वार्ड के बाहर हॉल में मरम्मत का कार्य 1 लाख 55 हजार की लागत से करवाया। जिस पर इस अवसर पर पीएमओ डॉ. दिलीप सोनी, डॉ. नरेंद्र सिंह राठौड़, एमसीएच प्रभारी डॉ. बंशीधर ने भामाशाहों का प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया। कार्यक्रम में सुरजी देवी, संजीव गुलेरिया, परमेश्वर रूलाणिया, गिरधारी खेरिया, अभिशेक पूनिया, डॉ. कपिश सोनी, मनोज विचरानिया, सुनीता स्वामी, कमलेश मंडावरिया, नरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## केकेसी पीजी महाविद्यालय में मनाया भारतीय नौसेना दिवस, विधार्थियों ने किया नाटक का मंचन

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के केकेसी पीजी महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट के तत्वावधान में गुरुवार को भारतीय नौसेना दिवस गरिमामय रूप से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगान के साथ हुई।कार्यक्रम के प्रारम्भ में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ प्रदीप चौहान ने विद्यार्थियों और कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय नौसेना देश के समुद्री सीमाओं की रक्षा के साथ-साथ आर्थिक सुरक्षा, आपदा राहत और वैश्विक मानवीय सहायता में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। युवा पीढ़ी को जल योद्धाओं की वीरता से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। एनओ वीरेन्द्र सिंह राठौड़ ने अपने संबोधन में कहा कि नेवी अनुशासन, तकनीकी दक्षता और साहस का अद्वितीय संगम है। समुद्री चुनौतियों से लड़ते हुए नौसेना के जवान 24 घंटे देश की सुरक्षा में तत्पर रहते हैं। कैडेट्स को इस गौरवशाली परंपरा को समझते हुए अपने जीवन में सेवाभाव और अनुशासन को अपनाना चाहिए। इस बीच एनसीसी कैडेट्स द्वारा नौसेना की वीरता पर आधारित एक प्रभावशाली नाटक का मंचन किया। जिसमें समुद्री सुरक्षा, आपदा राहत कार्य और भारतीय नौसेना के अदम्य साहस को प्रदर्शित किया गया। नाटक को सभागार में मौजूद सभी दर्शकों ने उत्साहपूर्वक सराहा। संस्था निदेशक डॉ किशोर सिंह राठौड़ ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय नौसेना विश्वस्तरीय तकनीक, रणनीति और मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। समुद्री सुरक्षा के साथ-साथ नौसेना वैश्विक मानवता के संरक्षण में भी अग्रणी है। ऐसे कार्यक्रम छात्रों के चरित्र निर्माण और देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करते हैं। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेता तीनों छात्र-छात्राओं प्राचार्य डॉ प्रदीप चौहान व संस्था निदेशक डॉ किशोर सिंह राठौड़ द्वारा नगद पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हौसला-अफ़ज़ाई की गई। उप प्राचार्य महबूब अली चौहान ने एनसीसी यूनिट की सराहना करते हुए सभी कैडेट्स, अतिथियों और संकाय सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान की गूंज के साथ हुआ। संचालन एनएसएस अधिकारी जगदीश कुमार ने सफलतापूर्वक निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्य, एनसीसी अधिकारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सर्दी की दस्तक के साथ ही राजकीय उपजिला अस्पताल में सर्दी, खांसी, जुखाम, बुखार से जुड़े मरीजों की बढ़ रही हैं संख्या, डॉक्टर दे रहे बचाव की जानकारी

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** तहसील क्षेत्र में इन दिनों सर्दी ने दस्तक दे दी है। न्यूनतम तापमान 5 डिग्री के आसपास चल रहा है। सर्दी के दस्तक देने के साथ ही राजकीय उपजिला अस्पताल में मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है और प्रतिदिन सर्दी, खांसी, जुखाम, बुखार सहित मौसमी बीमारियों से जुड़े मरीजों की संख्या प्रतिदिन बढ़ रही है। डॉक्टर मरीजों को सर्दी से बचाव की जानकारी और बीमारी से बचने के उपाय बता रहे हैं। सरदारशहर के राजकीय उपजिला अस्पताल की प्रसूता व एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ स्वाति गेट ने बताया कि वर्तमान समय में सर्दी बढ़ने के साथ ही सर्दी, खांसी, जुखाम, बुखार के मरीजों में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने बताया कि अधिकतर मरीजों में लक्षण है कि लंबे समय तक खांसी का आना, साथ में बुखार और सर दर्द होना इस प्रकार के लक्षणों के मरीज प्रतिदिन आ रहे हैं। डॉ स्वाति गेट ने गर्भवती महिलाओं के लिए जानकारी देते हुए बताया कि प्रसुताओं को कम मात्रा में ही दवाइयां दी जा सकती है। इसको देखते हुए उन्हें घरेलू उपाय बताई जा रहे हैं। उन्हें बताया जा रहा है कि प्रसूता खुद को सर्दी से बचा कर रखें, शरीर को पूरा गर्म कपड़ों से ढक कर रखें। खाने-पीने का ध्यान रखें, पौष्टिक आहार का सेवन करे, गम पेय पदार्थ का सेवन करें। उन्होंने कहा कि घरेलू उपाय पर आराम नहीं मिलने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह ले और डॉक्टर के बताए अनुसार उपचार ले। राजकीय उपजिला अस्पताल के डॉ आरिफ खान ने बताया कि सर्दी बढ़ने के साथ ही वायरल बीमारियों के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि बीमारियों से बचाव करने के लिए हमें खाने-पीने और अपनी दिनचर्या में बदलाव करना होगा। उन्होंने कहा कि सर्दी से बचने के लिए गर्म कपड़े पहनकर ही घर से निकले। जहां तक संभव हो सके गर्म और ताजा खाने पीने का उपयोग करें। उन्होंने बताया कि इस मौसम में सबसे ज्यादा बुजुर्ग और बच्चों को सावधानी बरतने की आवश्यकता है। सर्दी के समय में आवश्यकता होने पर ही इन्हें बाहर निकलना चाहिए और जब बाहर निकले तो गर्म कपड़े पहनकर निकालना चाहिए। सर्दी के मौसम में विशेष रूप से सर्दी से बचाव करना चाहिए।

## पालनहार लाभार्थियों का सत्यापन 31 दिसम्बर तक अनिवार्य

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राज्य सरकार की महती योजना पालनहार के सत्यापन के लिए 31 दिसम्बर अंतिम तारीख है। सामाजिक सुरक्षा अधिकारी बाबूलाल मायल ने बताया कि सुजानगढ़ शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लिए 2174 लाभार्थियों में से 1647 का सत्यापन ही अब तक हुआ है। इसलिए बच्चों का नजदीकी ई मित्र पर सत्यापन करवायें, ताकि पेंशन प्राप्त करने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। बाबूलाल मायल ने बताया कि जिनका सत्यापन नहीं होगा, उनका नाम योजना से अलग हो जाएगा।

## घर में खड़ी कार चोरी मामले में पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, कार को भी किया बरामद

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के रामगढ़िया हॉस्पिटल के पास एक घर से कार चोरी मामले में कांस्टेबल लीलाधर मीणा की विशेष भूमिका से एएसआई हिम्मतसिंह ने कार्रवाई करते हुए कार चोरी करने वाले सरदारशहर के शिमला निवासी 19 वर्षीय अरफान उर्फ अल्फाज पुत्र अनवर मिरासी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी शुदा कार को भी जप्त किया है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 20 नवंबर को रामगढ़िया अस्पताल के पास



निवासी खुर्शीद खान कायमखानी ने मामला दर्ज करवाया था कि 16 और 17 नवंबर की मध्य रात्रि को किसी समय कोई अज्ञात चोर मेरे घर से कार सहित घर का सामान चोरी कर ले गए। मामला दर्ज कर एएसआई हिम्मतसिंह द्वारा मामले में अनुसंधान शुरू किया गया और पुलिस ने तुरंत प्रभाव से अलग-अलग टीमों का गठन कर आरोपी की तलाश शुरू की गई। पुलिस द्वारा जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे एवं वैज्ञानिक विधि से आरोपी की तलाश करते हुए चोरी करने वाले आरोपी अरफान उर्फ अल्फाज मिरासी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा चोरी शुदा कार को भी बरामद कर लिया गया है। वहीं पुलिस अब आरोपी से गहनता से वारदात में अन्य शामिल आरोपियों और अन्य चोरी हुए सामान की बरामदगी वह अन्य चोरियों के बारे में पूछताछ की जा रही है। वहीं इस कार्रवाई में एएसआई हिम्मतसिंह, कांस्टेबल लीलाधर मीणा, शिवकुमार, राजेंद्रसिंह की भूमिका रही हैं।

## नाबालिग को भगा ले जाने का आरोप

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नाबालिग बालिका को बहला फसलाकर भगा ले जाने का मामला कोतवाली थाने में दर्ज हुआ है। पीड़िता के पिता ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया है कि 28 नवम्बर को हम लोग सुबह उठे, तो नाबालिग पुत्री घर पर नहीं मिली। रिपोर्ट में फर्नीचर का काम करने वाले प्रकाश पर आरोप लगाया गया है, जबकि लच्छी नामक व्यक्ति द्वारा उसका सहयोग करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## परोपकार सबसे बड़ा धर्म- प्रतिज्ञा नाथ महाराज

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय प्रगति नगर स्थित शनि मंदिर के पास संतों का स्वागत किया गया। राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र कीलक ने गुर्साइंसर आश्रम के प्रतिज्ञा नाथ महाराज, पड़िहारा के चदर नाथ महाराज, गुसाईंसर के भैरूंनाथ महाराज, हरियाणा



के महेशनाथ महाराज का दुपट्टा ओढ़ाकर अभिनंदन करते हुए आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर प्रतिज्ञानाथ महाराज ने कहा कि परोपकार से बढ़कर दूसरा कोई धर्म नहीं है। परोपकार जिसके जीवन में है, उसके जीवन में संकटों और कष्टों की मात्रा न के बराबर होती है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को दूसरे मनुष्यों और जीवों के लिए परोपकार करना चाहिए। इस अवसर प्रतिभा किलका, गिरधारीलाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## खेत में किसान परिवार पर लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला, नौ घायल, तीन घायल का चूरू उपचार जारी, 5 नामजद सहित 10,15 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** थाना क्षेत्र में खेत में एक किसान और उसके परिवार पर लाठी, डंडे और कुल्हाड़ी से हमला करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हमले में कुल नौ लोग घायल हो गए। जिनमें तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है। प्राथमिक उपचार के बाद सभी गंभीर घायलों को चूरू के डीबी अस्पताल रेफर किया गया। हमले में शरीफ काजी (50), रजिया (45), फिरोज़ बानो (60), सलीम (40), रियाज (25), उम्मेद (25), सिकंदर (20), भंवरा (50) और जावेद (18) घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार शरीफ, रजिया और फिरोज़ बानो के सिर पर गहरी चोटें आईं हैं जिसके चलते उन्हें तत्काल चूरू रेफर किया गया। अन्य घायलों का इलाज सरदारशहर के सरकारी अस्पताल में किया गया। घायल शरीफ काजी ने बताया कि उन्होंने इस घटना को लेकर थाना सरदारशहर में 5 नामजद बाबू, सलीम ,धौलू, अकरम पुत्र शौकत अली व शौकत अली की पत्नी नियामती सहित 10, 15 अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और हमलावरों की तलाश तेज कर दी गई है। दूसरी ओर चूरू अस्पताल में भर्ती सभी गंभीर घायलों का उपचार जारी है तथा उनकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है।

### ग्रामीणों में दहशत, पुलिस ने बढ़ाई सतर्कता

दिनदहाड़े हुए इस हमले के बाद क्षेत्र में आक्रोश और दहशत का माहौल है। पुलिस ने एहतियात के तौर पर इलाके में गश्त बढ़ा दी है और स्थानीय लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, PHED DIVISION CHURU (RAJ.)**
Tel. 01562-250343, e-mail – eephedchuru@gmail.com , ee.chu.phed@rajasthan.gov.in

No:- 2282-2295 Date : 27.11.2025

**NOTICE INVITING BID**

Bids for Nit no 29/2025-26 SUPPLY OF CID JOINTS FOR HDPE PIPES in div store Churu and Nit no 30/2025-26 SUPPLY OF CID JOINTS FOR PVC PIPES in div store Churu are invited form interested bidders upto 05-12-2025 (03:00 Hrs) Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal. http://sppp.rajasthan.gov.in, http:// Eproc. rajasthan. gov.in) of the state and phed.raj.nic.in. The approximate value of the procurement is Nit No 29/2025-26 Rs. 01.50 Lacs. And Nit No. 30/2025-26 Rs 01.50 Lac.

UBN No. PHE2526GSRC09160 RS 01.50 Lac
UBN No. PHE2526GSRC09161 RS 01.50 Lac

DIPR/C/17733/2025

**Executive Engineer,
PHED Division Churu**

**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT RAMSINGHPURA P.S. PATAN (SIKAR)**

DATE: 04-12-2025

**Notice Inviting Bid**

Bid for Rate contract works undar Other Scheme are invited from intersted bidders upto Date 12.12.2025, 11:00 AM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http:// sppp.raj.nic.in&http://eproc.rai.nic.in) of the state. The approximate value of work is maximum RS: 608979/-

UBN No.PKP2526WSOB00212-214

**PRASHASHAK
G.P. RAMSINGHPURA**

**VDO
G.P. RAMSINGHPURA**

राजस्थान सरकार

**कार्यालय उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग जिला चूरू**

**आयकर कार्यालय के पास शेखावत कॉलोनी सड़क, चूरू (राजस्थान)**

E-MAIL- daochuru@gmail.com dao.chu.ayu@rajasthan.gov.in Telephone No. 01562-250146

क्रमांक- स्टोर/आरोग्य मेला 2025 /4747-51 दिनांक:- 4/12/25

**खुली निविदा संख्या 14 / 2025**

निदेशालय आयुर्वेद विभाग, अजमेर के पत्रांक प. 2 / लेखा - 1 / आरोग्य मेला / बजट / 2025-26/03829 दिनांक 29.10.2025 द्वारा जारी निर्देशानुसार संभाग स्तरीय आरोग्य मेला जिला चूरु मुख्यालय पर दिनांक 25.12.2025 से 28.12.2025 तक पुलिस लाईन ग्राउण्ड, चूरु के पास आयोजित किया जाना है। मेले के प्रचार-प्रसार हेतु मुद्रण सामग्री (पैम्पलेट, आमंत्रण पत्र, प्रशस्ति पत्र, मोमेन्टो) की क्रय एवं आपूर्ति बाबत दिनांक 11.12.25 तक उप निदेशक आयुर्वेद विभाग चूरू द्वारा मोहरबन्द लिफाफों में बोलियाँ आमन्त्रित की जाती है।

| क्र.सं. | विवरण | अनुमानित मूल्य | बिड प्रपत्र शुल्क (GST 18' सहित) | बोली प्रतिभूति घोषणा (2') | कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि (5') | बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | बोली खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचार-प्रसार हेतु मुद्रण सामग्री (बैनर, हॉर्डिंग्स, स्टैप्डी, पैम्पलेट, आमंत्रण पत्र, प्रशस्ति पत्र, मोमेन्टो) | रूपये 300000 /- | रू.500 मात्र | 6000/- रूपये | 15000/- रूपये | 11.12.25 को प्रातः 11 बजे | 11.12.2025 को दोपहर 3 बजे |

**बिड की शर्तें -**
1. बिड प्रतिभूति राशि के बिना प्राप्त बोलियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
2. बिड सील बंद लिफाफे में, जिसके ऊपर संबंधित बिड का विवरण प्रचार-प्रसार हेतु मुद्रण सामग्री की निविदा अंकित हो, कार्यालय उप निदेशक आयुर्वेद विभाग चूरु में दिनांक 11.12.25 को प्रातः 10 बजे तक पहुँच जानी चाहिए। प्राप्त बिड को दिनांक 11.12.25 को दोपहर 3 बजे उपस्थित बिडदाताओ या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष चूरु में खोली जायेगी।

**(डॉ. सत्यवीर सिंह )
उप निदेशक**

# डिजिटल सखी 7 नारी शक्ति कार्यक्रम का धौलपुरजिले में शुभारंभ, 3,000 ग्रामीण किशोरियों और महिलाओं को डिजिटल स्वास्थ्य साक्षरता से सशक्त बनाने का लक्ष

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर, राजाखेड़ा** जगन फाउंडेशन ने इइइरू बैंगलोर के NSRCEL और कैपजेमिनी के सहयोग से डिजिटल सखी 7 नारी शक्ति कार्यक्रम का धौलपुर ज़िले में सॉफ्ट लॉन्च किया है। धौलपुर, नीति आयोग द्वारा चिन्हित एक आकांक्षी ज़िला है, जहां यह पहल शुरुआत में 15 डिजिटल सखियों के साथ की जा रही है। ये सभी स्थानीय ग्रामीण महिलाएँ हैं, जिन्हें टैबलेट और चयनित डिजिटल सामग्री दी गई है, ताकि वे समुदाय में स्वास्थ्य साक्षरता और डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ा सकें। पायलट चरण में कार्यक्रम कैस्केड प्रशिक्षण मॉडल पर आधारित होगा। शुरुआती 15 डिजिटल सखियाँ आगे और महिलाओं को प्रशिक्षित करते हुए कुल मिलाकर 150 डिजिटल सखियों और डिजिटल कम्युनिटी चैंपियंस का नेटवर्क तैयार करेंगी। यह नेटवर्क धौलपुर की 3,000 से अधिक किशोरियों और महिलाओं तक पहुँचकर उन्हें महत्त्वपूर्ण जानकारी, कौशल और सेवाओं से जोड़ने का लक्ष्य रखता है।

**कार्यक्रम के शुभारंभ पर मालविका मुद्गल, संस्थापक, जगन फाउंडेशन, ने कहाः**

'डिजिटल सखी 7 नारी शक्ति धौलपुर जैसे पिछड़े क्षेत्र में डिजिटल उपकरणों के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन लाने वाली अग्रणी महिला सशक्तिकरण पहल है - केवल टैबलेट बाँटने का कार्यक्रम नहीं; यह धौलपुर की ग्रामीण महिलाओं को उनकी अपनी स्वास्थ्य यात्रा के केंद्र में लाने की पहल है, ताकि वे तकनीक का आत्मविश्वास से उपयोग करें, सवाल पूछें और अपने शरीर, अपने अधिकारों और अपने भविष्य के बारे में सूचित निर्णय ले सकें।'

**दुष्यंत शर्मा, संस्थापक, जगन फाउंडेशन, ने कहाः**

'कैपजेमिनी और एनएसआरसेल जैसे मज़बूत भागीदारों के साथ मिलकर हम 150 प्रशिक्षित डिजिटल कम्युनिटी चैंपियंस का ऐसा कैडर तैयार कर रहे हैं, जो पायलट चरण में ही 3,000 से अधिक लड़कियों और महिलाओं तक पहुँचेगा और आगे चलकर पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप का एक ऐसा मॉडल बनेगा, जो जमीनी स्तर पर बड़े पैमाने पर प्रभाव दिखाने और अन्य ज़िलों में दोहराए जाने योग्य मार्गदर्शन प्रदान करेगा।' टैबलेट, वीडियो, प्रश्न-उत्तर सत्रों और रोल-प्ले जैसी गतिविधियों के माध्यम से डिजिटल सखियाँ लड़कियों और महिलाओं के साथ मिलकर निम्न क्षेत्रों में जागरूकता और निर्णय-क्षमता बढ़ाएँगीः गर्भावस्था और मातृ स्वास्थ्य बाल स्वास्थ्य और पोषण मासिक धर्म स्वच्छता और स्वास्थ्य डिजिटल कौशल, मोबाइल फोन और इंटरनेट का सुरक्षित एवं सार्थक उपयोग सरकारी योजनाओं, अधिकारों और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय के भीतर भरोसा बनाते हुए और सरल डिजिटल साधनों का उपयोग करते हुए व्यवहार में बदलाव लाना है, ताकि महिलाएँ अपने मोबाइल फोन और तकनीक का उपयोग शिक्षण सामग्री, परामर्श और सरकारी सेवाओं तक पहुँच के लिए अधिक आत्मविश्वास के साथ कर सकें। समय के साथ, डिजिटल सखियाँ समुदाय में एक स्थायी स्थानीय संसाधन के रूप में विकसित होंगी, जो भरोसेमंद जानकारी, मार्गदर्शन और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली तथा अन्य सहायता सेवाओं से जुड़ाव सुनिश्चित करेंगी।

साझेदारों की अपेक्षा है कि धौलपुर में इस पायलट से मिलने वाले अनुभवों के आधार पर कार्यक्रम को अन्य ब्लॉकों और ज़िलों में विस्तार दिया जाएगा, तथा डिजिटल सशक्तिकरण, SRHR और समुदाय-नेतृत्व वाले स्वास्थ्य नवाचार पर केन्द्रित इसी प्रकार की और साझेदारियों को प्रेरणा मिलेगी।

## अभिभाषक परिषद् चुनाव कार्यक्रम की घोषणा



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)** 12 दिसम्बर को होने वाले अभिभाषक परिषद् के वार्षिक चुनाव को लेकर मतदाता सूची प्रकाशन 4 दिसंबर, मतदाता सूची में आपत्ति निराकरण 5 दिसंबर, प्रत्याशी फार्म वितरण 6 दिसंबर, नाम निर्देशन पत्र जमा करवाना 8 दिसंबर, नाम निर्देशन पत्र जांच 8 दिसंबर, नाम वापसी 9 दिसंबर तक, अंतिम प्रत्याशी सूची का प्रकाशन 9 दिसंबर और मतदान दिवस 12 दिसंबर रहेगा।यह जानकारी अभिभाषक परिषद् के मुख्य चुनाव अधिकारी नरेश सिंह तंवर और सहायक चुनाव अधिकारी संजय कुमार धाकड़ ने दी।इस अवसर पर सुमित जोशी, अनिल कुमार धाकड़, पंकज कुमार धाकड़, जसवंत सिंह सोलंकी, रामफूल धाकड़, दीपक कुमार मीणा, ओम प्रकाश धाकड़, पिंकोश धाकड़, सुनील स्वर्णकार, राजू लाल धाकड़, राकेश धाकड़ मौजूद रहे।

## साधु सीताराम दास को आज अर्पित करेंगे श्रद्धा सुमन

जयपुर टाइम्स



**बिजौलियां(निसं.)।** इतिहास प्रसिद्ध बिजौलियां किसान आंदोलन के प्रणेता साधु सीताराम दास की पुण्यतिथि पर साधु सीताराम दास स्मारक समिति द्वारा श्रद्धाजंलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।समिति के अध्यक्ष उमा शंकर वैष्णव ने बताया शुक्रवार सुबह 10 बजे बिजौलियां में पंचायत समिति के सामने स्थित स्मारक पर सीताराम दास की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। दोपहर 12 बजे त्रिवेणी महादेव परिसर में वैष्णव समाज श्रद्धांजलि देगा। वहीं दोपहर 2 बजे सिद्ध-बली हनुमान मंदिर रामानंदी भवन देवदास की बगीची लव गार्डन रोड भीलवाड़ा में श्रद्धाजंलि अर्पित की जाएगी।

## राज्य सरकार के 2 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर तैयारियों के संबंध में बैठक का हुआ आयोजन




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** राज्य सरकार के 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर प्रकाशित की जाने वाली जिला दर्शन पुस्तिका एवं जिला स्तरीय प्रदर्शनी की तैयारियों के संबंध में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया। बैठक में उन्होंने कहा कि जिला दर्शन पुस्तिका के लिए समस्त विभाग उनसे सम्बन्धित उपलब्धियो को सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी को शीघ्र भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली गतिविधियों में रक्तदान शिविर, सड़क सुरक्षा अभियान, मन्दिरों, स्मारकों, राजकीय कार्यालयों आदि में साफ-सफाई, स्वच्छ भारत मिशन, जनसभा का आयोजन, जिला स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन, युवा रोजगार दिवस, महिला सम्मेलन, पर्यावरण संरक्षण अभियान आदि गतिविधियां आयोजित किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान उपखण्ड अधिकारी धौलपुर कर्मवीर सिंह, सहायक निदेशक सूचना एवं जन सम्पर्क राजकुमार मीणा सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## अग्रवाल फाउंडेशन बाड़ी द्वारा आयोजित होगा निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)** बाड़ी शहर की समाजसेवी संस्था अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा 23 दिसंबर 2025 मंगलवार को शहर के निजी मैरिज होम शंभू रिसॉर्ट बसेड़ी रोड बाड़ी पर रतन ज्योति नेत्रालय चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सुबह 10बजे से दोपहर 2बजे तक आयोजित होगा पंचम निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर, यह शिविर संस्था प्रधान अशोक गोयल के पिताजी स्व सेठ द्वारिका गोयल की पुण्यतिथि पर प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है, जिसमें ग्वालियर से मेडिकल टीम द्वारा रोगियों का निशुल्क नेत्र परीक्षण किया जाता है, साथ ही संस्था द्वारा बाड़ी शहर के जाने-माने गैस्ट्रोलॉजिस्ट डॉक्टर मोहन गोयल भी अपनी शिविर में निशुल्क चिकित्सा सुविधा मुहैया कराते हैं,नेत्र परीक्षण शिविर में आने वाले मरीज अपने साथ आधार कार्ड की प्रतिलिपि साथ अवश्य लाए, सभी मरीजों के आने जाने व खाने पीने की व्यवस्था निःशुल्क रहेगी संस्था की मीटिंग बुधवार 3 दिसंबर 2025 को आयोजित की गई जिसमें फाउंडेशन अध्यक्ष अशोक गोयल, सचिव एड. विपिन गर्ग, कोषाध्यक्ष नरेंद्र गोयल, उपाध्यक्ष सचिन मंगल, संगठन मंत्री अश्विनी गोयल, मीडिया प्रभारी अंशुल गर्ग, सूचना मंत्री विनय गोयल, समिति सदस्य राजीव मंगल, अमन गर्ग, समिति सिंघल, शैलेन्द्र गर्ग, मोहित सिंघल उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि मेरी धर्मपत्नी का नाम साहिबा बेगम है। आधार कार्ड, राशन कार्ड, पेन कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों में वास्तविक नाम साहिबा बेगम ही है। पासपोर्ट में गलती से हिना बानो हो गया। अब मैं इसका नाम पासपोर्ट में भी दुरुस्त कराकर साहिबा बेगम कराना चाहता हूं। भविष्य में मेरी पत्नी को साहिबा बेगम के नाम से ही जाना जाए।

प्रार्थी
मोहम्मद इशाक पुत्र इंसाफ अली
निवासी झपोक पोस्ट हबसपुरा, तहसील फुलेरा जिला जयपुर

## स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए बाल-वाहिनियों का औचक निरीक्षण, एक वाहन सीज

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं एडीजे रेखा यादव ने परिवहन विभाग की टीम के साथ जगदीश तिराहे पर विभिन्न विद्यालयों की बाल-वाहिनियों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बच्चों की सुरक्षा हेतु रालसा, जयपुर द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालन स्थिति की समीक्षा की गई तथा मानकों की कड़ाई से पालना के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सचिव ने चालकों को अवगत कराया कि बाल-वाहिनी का रंग पीला होना, उस पर स्कूल का नाम, पता, फोन नंबर, चालक व सहायक का नाम स्पष्ट रूप से अंकित होना, चालकों के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस व न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है। साथ ही वाहनों में आपातकालीन निकास, प्राथमिक उपचार किट, अग्निशमन यंत्र, जीपीएस प्रणाली एवं चालकों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण आवश्यक बताया गया। मानकों का उल्लंघन व दस्तावेज पूरे नहीं होने पर परिवहन विभाग ने एक वाहन को सीज कर कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान कुछ वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को बैठा रखा गया पाया गया, जिसे बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर लापरवाही माना गया। सचिव ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी किसी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। सचिव ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को केवल सुरक्षित, पंजीकृत एवं मानकों का पालन करने वाली बाल-वाहिनियों से ही स्कूल भेजें। साथ ही शिक्षा विभाग एवं विद्यालय प्रबंधन से भी बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी दिशा-निर्देशों की पालन सुनिश्चित करने को कहा।

## स्कूल संचालकों की लापरवाहीः क्षमता से अधिक बच्चों को भरकर दौड़ रहीं बाल वाहिनियाँ, हर रोज़ खतरे में मासूमों की जान

### परिवहन विभाग की अनदेखी, निरीक्षण व कार्रवाई नदारद

जयपुर टाइम्स




**डिडवाना-कुचामन(निसं.)** ।नावा शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में संचालित कई स्कूलों की बाल वाहिनियाँ सुरक्षा मानकों का उल्लंघन कर सड़कों पर दौड़ रही हैं। इन वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाया जा रहा है, जिससे मासूमों की जान को गंभीर खतरा बना हुआ है। सुरक्षा व्यवस्था की अनदेखी और नियमित जांच का अभाव इस स्थिति को और गंभीर बना रहा है। कई बाल वाहिनियों की हालत इतनी जर्जर है कि उनका सड़क पर चलना भी मुश्किल है, फिर भी स्कूली प्रबंधन इन्हें रोजाना इस्तेमाल कर रहे हैं। परिवहन विभाग द्वारा समय पर निरीक्षण न किया जाना भी इस लापरवाही का एक बड़ा कारण है।अभिभावकों और स्थानीय लोगों का कहना है कि स्कूल प्रबंधन बच्चों की सुरक्षा के प्रति बिल्कुल भी संवेदनशील नहीं है। नियमों के अनुसार, स्कूल बसों में फर्स्ट एड बॉक्स, फायर सेफ्टी इक्विपमेंट, स्पीड गवर्नर, जीपीएस ट्रैकर और बस अटेंडेंट का होना अनिवार्य है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत है। कई बसों के पास न तो फिटनेस सर्टिफिकेट है और न ही ड्राइवरों का पुलिस वेरिफिकेशन कराया गया है। कुछ वाहनों की नंबर प्लेट भी स्पष्ट नहीं हैं। इन गंभीर खामियों के बावजूद बच्चे प्रतिदिन जोखिम भरी यात्रा करने को मजबूर हैं। परिवहन नियमों का उल्लंघन केवल इन्हीं तक सीमित नहीं है। अधिकांश बसें अपनी निर्धारित क्षमता से दोगुने बच्चों को ढो रही हैं। तंग जगह में खड़े होकर यात्रा करते छोटे बच्चे किसी भी समय दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, ओवरलोडिंग दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण है, इसलिए स्कूल बसों पर विशेष निगरानी आवश्यक है। इसके बावजूद, न तो परिवहन विभाग सक्रिय दिख रहा है और न ही शिक्षा विभाग की ओर से कोई सख्त कार्रवाई के संकेत मिल रहे हैं। स्कूल प्रबंधन बच्चों से मोटी फीस वसूल रहे हैं, लेकिन परिवहन सुविधा में सुरक्षा मानकों के नाम पर शून्य है। कई अभिभावकों ने बताया कि वे बस शुल्क के रूप में हजारों रुपये का भुगतान करते हैं, लेकिन बदले में उनके बच्चों को असुरक्षित, जर्जर और ओवरलोड बसों में सफर करना पड़ता है। अभिभावकों ने प्रशासन से तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है ताकि बच्चों के जीवन से खिलवाड़ न हो।

## रेनवाल मांजी में उपखंड अधिकारी ने किया सीएचसी का औचक निरीक्षण

जयपुर टाईम्स



**सांगानेर(निसं.)।** रेनवाल मांजी सीएचसी का गुरुवार औचक निरीक्षण किया गया।मरीजों से सुविधाओं के बारे में ली जानकारी, सफाई को लेकर दिए निर्देश। माधोराजपुरा एसडीएम राजेश मीणा एवं प्रशासनिक अधिकारी सनी मीणा के साथ कस्बे में सीएचसी का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उपखंड अधिकारी ने सबसे पहले वार्ड में भर्ती मरीजों से सुविधाओं का जायजा लिया। इसके बाद लैब रूम में निशुल्क जांच की सुविधाओं की जानकारी ली और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही निशुल्क जांच का लोगों को लाभ मिल रहा है या नहीं इसकी भी जानकारी ली।उपखंड अधिकारी ने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया की सीएचसी के नए भवन का निर्माण कार्य शुरू होने बात कही जल्द ही सीएचसी के नए भवन की नींव रखी जाएगी। कस्बे स्थित सीएचसी का औचक निरीक्षण किया है। सीएचसी इंचार्ज डॉ रवि सैनी से अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली है। इसके अलावा भर्ती वार्ड, लेबर रूम, हाजिरी रजिस्टर, मेडिकल डीडीसी, इमरजेंसी सेवाएं और प्रसूता वार्ड में गहनता से निरीक्षण किया गया और मरीजों से अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली, लेकिन निरीक्षण के दौरान सीएचसी पर कोई खामियां नजर नहीं आईं, लेकिन सीएचसी इंचार्ज को अस्पताल में साफ सफाई रखने के दिशा निर्देश दिए गए हैं।

## नावां में ब्लाइंड मर्डर का खुलासाः भाटीपुरा में युवक की हत्या का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार- नावा पुलिस की बड़ी सफलता

जयपुर टाइम्स



**नावा शहर(निसं.)।** पुलिस ने भाटीपुरा क्षेत्र में हुए ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 27 नवंबर 2025 को भाटीपुरा गोचर भूमि में सरकारी स्कूल के पीछे बने शराब ठेके के पास एक युवक का लहूलुहान शव मिला था, जिसकी पहचान दानाराम पुत्र भोपालराम निवासी भाटीपुरा के रूप में हुई। पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर (आईपीएस) के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुचामन सिटी विमल सिंह नेहरा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक परबतसर नेमीचंद खारिया और वृताधिकारी कुचामन सिटी मुकेश चौधरी के सुपरविजन में थानाधिकारी नावा शहर नन्दलाल चौधरी के नेतृत्व में विशेष टीम ने तकनीकी व मानवीय आसूचना के आधार पर जीतराम चौधरी और मनीष उर्फ विकास उर्फ नानू को गिरफ्तार किया। मृतक के भाई हीरालाल द्वारा 28 नवंबर को दी गई रिपोर्ट में बताया गया कि दानाराम काम पर घर से निकला था, कुछ देर बाद वह ठेके के पास गंभीर घायल अवस्था में मिला और अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे सिर पर चोट लगने से मृत घोषित किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने भाटीपुरा तिराया, त्योद, काजीपुरा, नौरंगपुरा, फुलेरा, देवयानी, नरैना, भादवा, सांभर, खतवाड़ी, श्यामपुरा सहित कई क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और संदिग्ध वाहन व हुलिए के आधार पर आरोपियों की पहचान की। मिली जानकारी अनुसार दोनों आरोपी शराब के नशे में थे और शराब पीने ठेके पर पहुंचे, जहां मृतक अपने साथियों के साथ बैठा था। आरोपियों ने नशे में गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया, विवाद बढ़ा तो मृतक के दो साथी भाग निकले जबकि दानाराम नहीं भाग सका। इसी दौरान आरोपियों ने लोहे की रॉड से उसके सिर पर कई वार कर उसे गंभीर घायल कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई और आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपी जीतराम चौधरी (23) निवासी मालेडा, थाना नरैना, जयपुर ग्रामीण तथा मनीष उर्फ विकास उर्फ नानू (19) निवासी चैनपुरा, थाना नरैना, जयपुर ग्रामीण को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। नावा पुलिस द्वारा ब्लाइंड मर्डर के त्वरित खुलासे की ग्रामीणों ने प्रशंसा की।

## फर्जी राजस्थान रोडवेज की बस को किया परिवहन विभाग ने सीज

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)।** जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे हैं संघन जांच अभियान के अंतर्गत गुरुवार को परिवहन विभाग की टीम ने फर्जी रूप से निजी बस को राजस्थान रोडवेज की बस जैसा कलर करके चलाने के आरोप में बस को जप्त कर बस को सीज कर दिया गया है। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि परिवहन विभाग की टीम वाहनों की जांच कर रही थी इस समय राजस्थान रोडवेज की एक बस वहां से गुजरी जिस पर परिवहन विभाग की टीम को उसमें कुछ त्रुटियां नजर आई। धौलपुर से करौली रोड़ पर चलने वाली बस में लिखा था राजस्थान परिवहन से संबंधित जिस पर परिवहन विभाग की टीम ने बस के कागजों की जांच करी तो पाया कि बस राजस्थान रोडवेज की नहीं है बस में मौजूद यात्रियों से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि परिचालक में उन्हें टिकट भी नहीं दिया। परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने कहा कि विभाग जीरो टॉलरेंस के दिशा निर्देशन में कार्य कर रहा है और सरकार के राजस्व को हानि पहुंचाने वालों को बक्सा नहीं जाएगा। वही परिवहन विभाग द्वारा एवीएम कॉन्वेंट विद्यालय की बस को भी कागज पूरी न होने पर सीज किया गया है। बालवाहिनी के विरुद्ध नियमानुसार चलने एवं बच्चों के सुरक्षित परिवहन का अभियान जारी रहेगा।

## भगवान के पीछे भागोगे तो भगवान बनोगे - मुनि श्री विलोक सागर जी

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)** राजाखेड़ा शैतान के पीछे भागोगे तो शैतान बनोगे और भगवान के पीछे भागोगे तो भगवान बनोगे यह कहना है आचार्य श्री आर्जव सागर जी मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री विलोक सागर जी महाराज का । पूज्य महाराज जी श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जैन धर्मशाला में आयोजित श्री 1008 चारित्र शुद्धि महामंडल विधान के दौरान आयोजित धर्मसभा को संबोधित कर रहे थे मुनि श्री ने कहा कि इंसान जिस प्रकार के कर्म करता है उसको फल भी उसी प्रकार का मिलता है। यदि आप बालू को मशीन में पेरोगे तो तेल नहीं निकल सकता ठीक उसी प्रकार आप जीवन में जैसा व्यवहार करोगे तो आपको परिणाम भी उसी के अनुरूप प्राप्त होंगे । इससे पूर्व विधान का प्रारंभ अभिषेक शांतिधारा के साथ किया गया। शांतिधारा करने का मंगल अवसर विधान पुण्यर्जक भगवानदास मक्खन लाल कल्ला जैन हनुमानपुरा वाले परिवार को प्राप्त हुआ । लभग 434 अर्घ्य चढ़ाए गए एवं विश्व शांति की कामना के साथ विश्वशांति महायज्ञ के आयोजन के साथ विधान का समापन किया गया। विधानाचार्य पंकज भैया जी ने बताया कि चरित्र शुद्धि विधान का अवसर मिलने पर व्रत और विधान अवश्य करना चाहिए । विधान में संपूर्ण राजाखेड़ा जैन समाज के साथ बाहर से भी अनेक श्रावकों ने भाग लिया । विधान की संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं महाआरती का आयोजन किया गया इस अवसर पर मयंक निशांक आयुष संभव अक्षत नवनीत जैनेंद्र सचिन झम्मनलाल सुरेशचंद जैन गुझिया वाले विजय कुमार अंकुश जैन प्रवीण जैन नहीला सतीश जैन सुभाष जैन देवचंद्र जैन विनोद जैन विपिन जैन बंटी धारापुरा मनोज जैन सहित संपूर्ण समाज के लोग उपस्थित रहे।

## समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालय यू-डाइस का कार्य करें पूर्ण

**धौलपुर(निसं.)** राज्य परियोजना निदेशक राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के निर्देशानुसार सत्र 2025-26 की यू-डाइस का कार्य 6 दिसम्बर तक पूर्ण किया जाना है। राज्य स्तर से 4 दिसम्बर को जारी रिपोर्ट के अनुसार यू-डाइस पोर्टल पर स्टूडेंट प्रोफाइल का कार्य 81.03 प्रतिशत, टीचर प्रोफाइल का कार्य 56.41 प्रतिशत एवं स्कूल प्रोफाइल का कार्य 55.01 प्रतिशत है। राज्य परियोजना निदेशक राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के द्वारा 3 दिसम्बर को वीसी में दिए गए निर्देशानुसार भारत सरकार द्वारा यू-डाइस पूर्ण करने की तिथि 6 दिसम्बर निर्धारित की गई है। समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालय के संस्था प्रधानों को आदेशित किया जाता है कि वे 6 दिसम्बर तक यू-डाइस पोर्टल पर स्कूल प्रोफाइल, टीचर प्रोफाइल एवं स्टूडेंट प्रोफाइल का कार्य पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। इसके बाद पोर्टल पर किसी भी प्रकार का कोई कार्य नहीं किया जा सकेगा। कार्य के ना होने पर छात्र-छात्राओं को होने वाले लाभों से वंचित रहने पर संबंधित संस्था प्रधान स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## नेवी डे पर 3 राज नेवल यूनिट एनसीसी, जयपुर के कैडेट्स द्वारा पोस्टर एवं मॉडल प्रदर्शनी



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** आदर्श विद्या मंदिर, मंडावा में गुरुवार को नेवी डे उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 3 राज नेवल यूनिट एनसीसी, जयपुर के कैडेट्स ने भारतीय नौसेना पर आधारित पोस्टर एवं मॉडल प्रदर्शित किए। मॉडल और पोस्टर में युद्धपोत, पनडुब्बी, हेलीकॉप्टर कैरियर, रडार सिस्टम और समुद्री सीमा सुरक्षा को दर्शाया गया। कार्यक्रम का समन्वयन सीटीओ गोविन्द सोनी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि रामनारायण चोयल, थानाधिकारी, मंडावा ने कैडेट्स के प्रयासों की सराहना की। प्रधानाचार्य मुकेश कुमार स्वामी ने कहा कि, 'इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में देशभक्ति, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को बढ़ाते हैं।' संस्था निदेशक अभिषेक तेतरवाल ने कहा कि, 'कैडेट्स की रचनात्मकता और टीम वर्क हमारे विद्यालय की परंपरा को और ऊँचा उठाते हैं।' प्रदर्शनी को सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अतिथियों ने सराहा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति, अनुशासन और नौसेना के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना था।

## संतो के समागम के साथ हुई रतिनाथजी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निसं.)** टीकमदास आश्रम में संचालित कामधेनु निराश्रित गौ सेवा समिति में मंडावा की पावन धरा पर अवतरित गौसेवक संत शिरोमणी रतिनाथ महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा टाई धाम के सोमनाथ जी ,छोटे नाथ जी मंडी की नवीन नाथ और राजनाथ के कर कमलों द्वारा हुई। इस कार्यक्रम में यजमान रामगोपाल सोनी ने अपनी धर्मपत्नी प्रेमलता के साथ यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम को संपन्न किया ।इस अवसर पर पूर्व संध्या पर झरिया धाम के महंत आकाश नाथ के द्वारा भजनों की रस गंगा बहाई जिसमें सैकड़ो संख्या में बाबा जी के भक्तो ने भाग लिया। पंडित मुरली मनोहर शर्मा व विजय कुमार जोशी ने मंत्र उच्चारण के साथ मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की ।इसके पश्चात प्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें नगर वासियों ने प्रसाद प्राप्त किया ।इस कार्यक्रम में सज्जन मिश्रा, दिनेश धाभाई,श्रीराम शर्मा, परमेश्वर चेजारा, पीताम्बर मिश्रा,भोलासिंह ,सुरेश पलाडीवाला संदीप शर्मा,अनुप शर्मा,विष्णु महाराज़ पवन मौजसिया, महेश बारी,सज्जन दिनावा वाला,सत्यनारायण बवालिया,राकेश स्वामी,मधु स्वामी ,प्रकाश ,किशोर चौहान विष्णु दिलोइवाला,मनीष ,महेश मटोलिया,प्रियांशु, अरुण सोलंकी, राधारमण शर्मा,चाँद बिहारी,शीशराम,मदन ढाका,सुनील जोशी, महंत नरेन्द्र सुरोलिया आदि उपस्तिथ रहे ।

## राष्ट्रीय स्तरीय रस्सी कूद प्रतियोगिता में अक्षरा खेरिया ने जीता स्वर्ण पदक




जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय रस्सी कूद प्रतियोगिता में श्री मोतीलाल जी खेरिया (वरिष्ठ अध्यापक) की बेटी अक्षरा खेरिया ने स्वर्ण पदक जीतकर दांतारामगढ़ का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर बिटिया अक्षरा खेरिया के गाँव पधारने पर गाँव के गणमान्य नागरिको द्वारा बिटिया के दादा कज्जु राम, पिता मोती राम माता विजयलक्ष्मी देवी के साथ बिटिया अक्षरा खेरिया का साफा और पुष्प भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर श्याम सुंदर जी सोनी (पूर्व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी),तारा चंद जी कुमावत (पूर्व उपसरपंच), राधे श्याम जी भाटी (पूर्व उपसरपंच) चन्द्रप्रकाश जी कुमावत (पूर्व उपाध्यक्ष : महाराजा कॉलेज जयपुर),काना राम जी काला (सेवानिवृत अध्यापक), महेश काला आशीष खेरिया,मोहित मोहन पुरिया, राहुल कुमावत, धमेंद्र भारती श्रवण खांडेकर,पवन मोहनपुरिया आदि लोग उपस्थित रहे।

## दिव्यांग दिवस पर लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट की सराहनीय पहल

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** दिव्यांग दिवस के अवसर पर लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट, लक्ष्मणगढ़ की ओर से मानव सेवा की भावना को सर्वोपरि रखते हुए निशुल्क दिव्यांग पेंशन सत्यापन कैंप का आयोजन किया। तोदी कॉलेज मार्ग पर स्थित ट्रस्ट कार्यालय सोनू इंटरप्राइजेज में आयोजित इस शिविर में क्षेत्र के दिव्यांगजन बड़ी संख्या में पहुंचे और पेंशन सत्यापन का लाभ उठाया।ट्रस्ट द्वारा आयोजित विशेष सेवा शिविर में कुल 35 दिव्यांग लाभार्थियों के पेंशन सत्यापन पूरी तरह निशुल्क किए गए। ट्रस्ट ने स्पष्ट किया कि दिव्यांगों से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया गया, जिससे उन्हें आर्थिक राहत के साथ सम्मान की अनुभूति भी हुई। दिव्यांग दिवस पर किए गए इस मानवीय कार्य की क्षेत्र में विशेष सराहना की जा रही है।ट्रस्ट पदाधिकारियों ने बताया कि उनका उद्देश्य दिव्यांग, वृद्ध एवं विधवा महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक सहयोग प्रदान करना है तथा पेंशन संबंधी कार्यों को सरल बनाना है। इसी के तहत यह सेवा शिविर निशुल्क आयोजित किया गया है। साथ ही ट्रस्ट ने घोषणा की कि आगे भी उनके कार्यालय पर दिव्यांग, वृद्ध और विधवाओं के लिए टोकन प्राइस पर पेंशन सत्यापन की सुविधा निरंतर उपलब्ध रहेगी।

# खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने बीकानेर में की जनसुनवाई, आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

**खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने बीकानेर में की जनसुनवाई, आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश**

**विकास के साथ जन समस्याओं के समाधान की दिशा में सतत कार्य कर रही है राज्य सरकार- गोदारा**



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने गुरुवार को बीकानेर के रिड़मलसर पुरोहितान (सागर) के ग्राम पंचायत सभागार में छह घंटे से अधिक समय तक आमजन की समस्याएं सुनी। इस दौरान गोदारा ने कहा कि क्षेत्र में विकास के साथ, आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो इसके लिए राज्य सरकार संकल्पबद्धता के साथ कार्य कर रही है। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा विभिन्न स्तरों पर जनसुनवाई की जा रही है। जनसुनवाई के माध्यम से आमजन और क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी एवं निस्तारण के साथ घरातल पर हो रहे विकास कार्यों का फीडबैक भी मिलता है। गोदारा ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रत्येक प्रकरण का रेकाार्ड संधारित करते हुए इनका सयमबद्ध निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने अनेक प्रकरणों के संबंध में जयपुर अथवा बीकानेर में सक्षम स्तर के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से दूरभाष पर बात की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणों ने पानी, बिजली, सड़क, रास्ता खुलवाने, विद्युत कनेक्शन करवाने, अतिक्रमण हटाने, पेंशन सहित अन्य प्रकार के सैकड़ों प्रकरण मंत्री के समक्ष रखे। गोदारा ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को इन प्रकरणों के संबंध में कार्यवाही करने और सूचित करने के लिए निर्देशित किया। मंत्री गोदारा ने कहा कि उनके द्वारा राज्य स्तर के साथ जिला, उपखण्ड और ग्राम पंचायत स्तर पर नियमित जनसुनवाई करते हुए समस्याओं के समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रत्येक अधिकारी इसकी गंभीरता समझें और प्रकरणों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। इस दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल, अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) सुरेश कुमार यादव, बीकानेर विकास प्राधिकरण सचिव कुणाल राहड़ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान गोदारा ने कहा कि रिडमलसर क्षेत्र में 22 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित हो रही कबीर वाटिका से क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी। यह क्षेत्र हरियाली से आच्छादित होगा, जो कि पर्यटन के साथ अर्बन ग्रीन लंग्स के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए बीकानेर विकास प्राधिकरण द्वारा 52.40 करोड़ रुपए का कार्यादेश जारी हो चुका है तथा कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि इस कार्य को सम्बद्धता और गुणवत्ता के साथ किया जाए। इस दौरान मंत्री गोदारा ने रिडमलसर पुरोहितान (सागर) के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 21 लाख रुपए की लागत से बने तीन कक्षा कक्षों तथा 20 लाख रुपए की लागत के टीन शेड एवं चौक का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि स्कूल में आधारभूत सुविधाओं का विकास होने से विद्यार्थियों को शिक्षा का बेहतर वातावरण मिलेगा, जो कि विद्यार्थियों के लिए लाभदायक होगा। उन्होंने बेटियों को पढ़ाई के अधिक से अधिक अवसर देने का आह्वान किया और कहा कि इससे समाज दोगुनी गति से आगे बढ़ेगा। इस दौरान उन्होंने रिडमलसर पुरोहितान में ग्राम पंचायत के आगे से होते हुए कुमारों के मोहल्ले और बाईपस तक 56 लाख 69 हजार रुपए की लागत से बनी सड़क का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह सड़क आवागमन को अधिक सुलभ बनाएगी। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार द्वारा सड़क तंत्र सुदृढ़ीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। क्षेत्र में सड़कों से जुड़े अनेक कार्य प्रगतिरत हैं। इनसे विकास की नई राह खुलेगी।

## चिकित्सा मंत्री ने ली चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक, मेडिकल कॉलेजों व अस्पतालों की कार्यप्रणाली पर कड़ी निगरानी के निर्देश

**प्रधानाचार्यों व अधीक्षकों की परफॉर्मेंस का नियमित मूल्यांकन, खामियां मिलने पर होगी सख्त कार्रवाई**




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने गुरुवार को स्वास्थ्य भवन में चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक कर प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों एवं उनसे संबद्ध अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रधानाचार्य एवं अधीक्षक अपनी-अपनी संस्थाओं में चिकित्सा व्यवस्थाओं के लिए प्रत्यक्ष रूप से उत्तरदायी होंगे और मानकों पर खरा नहीं उतरने या किसी भी तरह की खामी मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। खींवसर ने कहा कि जनस्वास्थ्य आमजन के जीवन से जुड़ा अत्यंत संवेदनशील विषय है, अतः किसी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी अस्पताल में चिकित्सकों, नर्सिंग या पैरामेडिकल स्टाफ की कमी हो, तो उसकी सूचना तत्काल दी जाए, लेकिन मानव संसाधन के अभाव में स्वास्थ्य सेवाएं बाधित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आवश्यकतानुसार वैकल्पिक व्यवस्थाएं शीघ्र करने के निर्देश दिए। मंत्री ने अस्पतालों में पार्किंग, सुरक्षा, साफ-सफाई, रख-रखाव एवं प्रबंधन के मानकों पर कोई समझौता नहीं करने को कहा। उन्होंने बड़े अस्पतालों में रोगियों एवं साथ आने वाले परिजनों के लिए उचित दरों पर गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने हेतु फूड कोर्ट स्थापित करने और इसके लिए शीघ्र स्थान चिन्हित कर प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि अस्पतालों का निरीक्षण अब मिशन मोड में किया जाएगा। चिकित्सा शिक्षा सचिव गायत्री राठौड़ ने अनावश्यक रेफरल पर रोक लगाने पर जोर देते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस्पताल उपलब्ध सुविधाओं का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करें, ताकि कुछ बड़े अस्पतालों पर अनावश्यक मरीज भार न बढ़े। उन्होंने उपचार के साथ शोध एवं अनुसंधान को भी बढ़ावा देने, रोगियों के प्रति संवेदनशील व्यवहार तथा बेहतर हाउसकीपिंग के लिए सक्षम एजेंसियों का चयन करने पर बल दिया। चिकित्सा शिक्षा आयुक्त नरेश गोयल ने वर्ष 2030 एवं 2047 को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं के विकास के दीर्घकालिक लक्ष्य तय कर प्रतिबद्धता के साथ काम करने की बात कही। बैठक में संयुक्त शासन सचिव ललित कुमार, सभी मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्य, अधीक्षक, वित्तीय सलाहकार एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सन्नी और जांगिड़ के जन्म दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)** बर्थ डे ब्लड डोनेशन ड्राईव अभियान के तहत 80 बार रक्तदान कर चुके नियमित रक्तदाता सन्नी शिवसिंहपुरा और 70 बार रक्तदान दान कर चुके महेंद्र जांगिड़ के जन्मदिन के उपलक्ष्य में गुरुवार को श्री कल्याण मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया रक्तदान शिविर में पूर्व राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी ईश्वर सिंह राठौड़, ब्लड मोटीवेटर बी एल मील, ब्लड बैंक चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेंद्र सैनी, डॉ सीमा शर्मा, ब्लड बैंक अधीक्षक सत्येंद्र कुड़ी ने रक्तदान शिव में शिरकत कर रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया एक शाम शहीदों के नाम के संयोजक चंद्र प्रकाश बिजारणिया ने बताया कि शिविर में युवा साथियों ने उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर भाग लेकर रक्तदान किया संदीप भादवासी ने 18 वीं बार रक्तदान किया 7 शिविर में ऋषभ शर्मा, संदीप बोयल,सुनील सेवदा, अनिल , विनोद सर, सीता राम चौधरी, शीशराम रुलानिया, रामस्वरूप सैनी, पवन, नवीन रणवा, सचिन मीणा, अमित, अंकित, प्रदीप, मनीष,मनोज यादव सहित अनेक गणमान्य लोग एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर रकदाताओं का उत्साह वर्धन किया।

## सोसाइटी के पट्टा की रजिस्ट्री पर रोक, वकीलों में आक्रोश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्य सरकार की ओर से प्रदेश में बिना भूमि कन्वर्जन और 90 ए समिति के पट्टा पर रजिस्ट्री की रोक लगा देने के निर्णय को लेकर जयपुर सहित पूरे प्रदेश के पंजीयन और मुद्रांक विभाग से संबंधित कार्य करने वाले वकीलों में गहरा आक्रोश छा गया है इस निर्णय से एक तरफ जहां गृह निर्माण सहकारी समितियां के पदाधिकारी और उनसे जुड़े लोगों में गहरा आक्रोश आ गया है तो दूसरी तरफ रजिस्ट्री कार्य संपादित करवाने वाले वकीलों में भी इस निर्णय को लेकर गहरी आपत्ति प्रकट की है और इस मामले को लेकर वकील अब सड़कों पर भी आंदोलन कर सकते हैं सरकार के इस निर्णय को लेकर कई लोगों ने प्रसन्नता जाहिर की है तो कई लोगों ने सरकार के इस निर्णय को लेकर विरोध भी प्रकट किया हैं बहुत से लोगों का कहना है कि प्रदेश में कई सोसाइटी ऐसी भी हैं जो फर्जी तरीके से एक ही भूखंड के कई लोगों को पट्टे जारी कर देती हैं और इस अवैध काम के जरिए लाखों करोड़ों रुपए कमा लेते हैं बाद में इस तरह के मामले पुलिस के लिए बड़े परेशानी का सबक बन जाते हैं और आमजन भी इन फर्जी पट्टा की वजह से काफी परेशान होते हैं आमजन का काफी पैसा और समय कोर्ट कचहरी और पुलिस के चक्कर काटने में ही बीत जाते हैं शायद इसीलिए सरकार ने यह बड़ा निर्णय लिया है जिसकी वजह से जो लोग अवैध तरीके से भूखंड के पट्टा जारी करके लोगों से धोखाधड़ी कर रहे हैं उनकी इस तरह की गतिविधियों पर सरकार के इस निर्णय से अंकुश लगासकेगा।

## बनावड़ में शहीद समय सिंह गुर्जर की मूर्ति का अनावरण

**शहीद का शौर्य और बलिदान सदैव याद रहेगा –गृह राज्य मंत्री**



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म एवं महवा विधायक राजेन्द्र मीणा ने गुरुवार को दौसा जिले की मण्डावर तहसील क्षेत्र के बनावड़ गांव में शहीद समय सिंह गुर्जर की स्मृति में स्थापित प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री बेढ़म ने कहा कि शहीद समय सिंह गुर्जर का जीवन हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनका अदम्य साहस, वीरता, शौर्य और देश के प्रति समर्पण सदैव अमर रहेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र की असली शक्ति उसके सैनिक होते हैं, जो सीमाओं पर खड़े होकर दुश्मनों के नापाक मंसूबों को नेस्तनाबूद करते हैं। शहीद समय सिंह भी ऐसे ही जांबाज थे, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उन्होंने कहा कि सरकार शहीदों के परिजनों के सम्मान और कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। शहीद परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है और उनके बलिदान को अक्षय बनाने के लिए गांव-गांव में स्मारक और मूर्तियां स्थापित की जा रही हैं। यह सिर्फ सम्मान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कार्यक्रम में मंत्री बेढ़म एवं महवा विधायक राजेन्द्र मीणा ने शहीद की वीरांगना का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। गृह राज्य मंत्री ने शहीद के परिवारजनों से मिलकर उनकी कुशलक्षेम पूछी और कहा कि सरकार शहीद परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। युवाओं को शहीद समय सिंह जैसे वीरों के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में हिस्सा लेना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में मंत्री और जनप्रतिनिधियों ने स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीद को श्रद्धांजलि दी। समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा, महिलाएं, सामाजिक संगठनों के सदस्य और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण को राज्य सरकार लगाएगी 7 दिवसीय शहरी समस्या समाधान शिविर




**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा के निर्देशन में राज्य सरकार द्वारा शहरी नागरिकों की समस्याओं के समाधान हेतु 17 से 24 दिसम्बर, 2025 तक 'शहरी समस्या समाधान शिविर-2025' आयोजित किए जाएंगे। शिविरों की तैयारियों की समीक्षा के लिए गुरुवार को डीएलबी मुख्यालय में नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव देबाशीष पृष्टि तथा स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने संयुक्त बैठक ली। प्रमुख शासन सचिव पृष्टि ने निर्देश दिए कि राज्य की प्रत्येक नगरीय निकाय एवं प्राधिकरण में शिविरों का आयोजन अनिवार्य रूप से किया जाए। शिविरों में लंबित प्रकरणों के साथ-साथ शिविर अवधि में प्राप्त सभी नए आवेदनों का मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। शिविर का समय प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक रहेगा, आवश्यकता पड़ने पर कार्य पूर्ण होने तक शिविर जारी रहेंगे। साथ ही 'शहरी सेवा शिविर-2025' के तहत दी गई सभी छूट एवं शिथिलताएँ यथावत लागू रहेंगी। शासन सचिव रवि जैन ने सभी नगरीय निकायों को पूर्व-तैयारी, मॉनिटरिंग और अंतिम निस्तारण तक व्यवस्थाएँ मजबूत रखने के निर्देश दिए तथा जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर स्थानीय समस्याओं के समाधान की कार्ययोजना बनाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि पूर्व में आयोजित प्रमुख एवं फॉलोअप शिविरों में पट्टा, नामांतरण, यूडी टैक्स, भवन मानचित्र, भू-उपयोग परिवर्तन, भूखण्ड उपविभाजन, निर्माण अवधि विस्तार, ब्याज छूट तथा घर-घर कचरा संग्रहण एवं व्यक्तिगत शौचालयों सहित लाखों मामलों का प्रभावी निस्तारण किया जा चुका है।

## मुख्य आयुक्त, राज्य कर कुमार पाल गौतम के निर्देषों की अनुपालना में वाणिज्यिक कर विभाग की बड़ी कार्यवाही

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** मुख्य आयुक्त, राज्य कर कुमार पाल गौतम के परिवहन जांच संबंधी निर्देषों की अनुपालना में वाणिज्यिक कर विभाग की स्टेट जीएसटी प्रवर्तन शाखा ने बड़ी कार्यवाही करते हुए लगभग 15 दिनों तक गोपनीय तरीके से राष्ट्रीय राजमार्गों पर संचालित होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों पर यात्री के रूप में ठहरकर कर चोरी में संलग्न वाहनों के बारे में मानवीय आसूचना एकत्र की। इसके साथ ही मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया। कुमार पाल गौतम ने बताया कि जीएसटी पोर्टल और ह्यूमन इंटेलिजेंस के आधार पर यह कार्यवाही की गई, जिसके परिणामस्वरूप मार्बल एवं ग्रेनाइट, लैड स्क्रेप, परचून, ब्रास मेटल और सुपारी से लदे हुए कुल 14 वाहनों को विधिवत निरूद्ध किया गया। इन वाहनों में जिन फर्मों के बिल लगाए गए थे, वे सभी विभागीय जांच में अस्तित्वहीन और बोगस पाई गईं। उन्होंने आगे बताया कि परचून के नाम पर ब्रास मेटल स्क्रेप बिना विधिक दस्तावेजों के दिल्ली से गुजरात भेजा जा रहा था। इसी प्रकार, कर्नाटक से सुपारी के दस्तावेजों के आधार पर नागपुर भेजे जाने की योजना थी, लेकिन सुपारी से लदा वाहन नागपुर की बजाय दिल्ली की ओर जा रहा था, जिसे सवाईमाधोपुर के निकट विभाग की टीम ने निरूद्ध किया। विभाग द्वारा इन सभी प्रकरणों में गहनता से विश्लेषण किया जा रहा है ताकि यह पता लगाया जा सके कि किन संगठित गिरोहों द्वारा बिना उचित विधिक दस्तावेजों और बिना कर चुकाए मूल्यवान माल का परिवहन कर राजस्व को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। अब विभाग द्वारा जब्त किए गए वाहनों में लदे माल का भौतिक सत्यापन और मूल्यांकन किया जाएगा, और नियमानुसार कर एवं शास्ति वसूली जाएगी। कुमार पाल गौतम के निर्देषों के तहत आगे भी इंटेलीजेंस आधारित परिवहन जांच कार्यवाही जारी रहेगी।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।